वर्ष : 33 ▸ अंक : 285 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 31 दिसंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P7 कल्कि एडी 2898 में कृष्ण के किरदार में नजर आएंगे महेश बाबू



P8 केरल में सेना के अधिकारी के साथ मारपीट

# नए साल के जश्न के लिए मुंबई तैयार

**अमित बृज | मुंबई**

नए साल के जश्न के लिए मुंबई में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने शहर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा को बढ़ा दिया है ताकि उत्सव में कोई अप्रिय घटना न हो। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, 31 दिसंबर को रात भर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाएगी, और लोगों से नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### नशीली दवाओं पर कड़ी नजर

इस बार पुलिस का ध्यान खासतौर पर नशीली दवाओं के सेवन पर रहेगा। योगेश कदम ने कहा कि निजी पार्टियों में नशीली दवाओं के सेवन की रिपोर्टें आई हैं, और इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पुलिस इस मामले में सख्त कार्रवाई करेगी, चाहे एक ग्राम हो या उससे ज्यादा, विक्रेता और खरीदार दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## मुंबई पुलिस ने कसी कमर

## सुरक्षा के लिए किए खास इंतजाम

### 12,000 पुलिसकर्मी होंगे तैनात

गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने बताया कि नए साल की रात के लिए लगभग 12,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, जिनमें महिला पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया है। 31 दिसंबर की रात मुंबई में 8 अपर पुलिस आयुक्त, 29 पुलिस उपायुक्त, 53 सहायक पुलिस आयुक्त और 2,184 पुलिस अधिकारी गश्त पर रहेंगे। मंत्री ने कहा, 'हमें पूरा विश्वास है कि पुलिस अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए शहर की सुरक्षा बनाए रखेगी, और मुंबईकरों को किसी भी प्रकार का दबाव महसूस नहीं होने देंगे।'




### होटल और रेस्टोरेंट्स की तैयारी

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया (एचआरएडब्ल्यूआई) ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। होटल मालिकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शराब परोसने से पहले ग्राहकों के आई-डी कार्ड की जांच करें। साथ ही, शराब पीने के बाद ग्राहकों को सुरक्षित घर भेजने के लिए किराए पर ड्राइव उपलब्ध करवाने की व्यवस्था की जाएगी। होटल और रेस्टोरेंट्स को 31 दिसंबर की रात सुबह 5 बजे तक खुले रखने की अनुमति दी गई है।



### ड्रंक एंड ड्राइव अभियान

परिवहन विभाग ने ड्रंक एंड ड्राइव के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की योजना बनाई है। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर अशांति फैलाने, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार और अनधिकृत शराब बिक्री के खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई करेगी।

### सुरक्षा के लिए विशेष प्रशिक्षण

होटल एसोसिएशन के सचिव प्रदीप शेट्टी ने कहा कि बार टेंडरों को खासतौर पर प्रशिक्षित किया गया है ताकि वे शराब परोसते समय सुरक्षा का ध्यान रखें। पार्टी के दौरान ग्राहकों की आई-डी कार्ड की जांच की जाएगी और शराब पीने के बाद किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। होटल परिसर में 'डोंट ड्रिंक एंड ड्राइव' के पोस्टर लगाए गए हैं ताकि लोग सावधान रहें। नए साल के जश्न के मद्देनजर इन सभी कदमों से मुंबई पुलिस और होटल उद्योग ने सुनिश्चित किया है कि लोग सुरक्षित और जिम्मेदारी से जश्न मना सकें।

# नए साल में अर्थव्यवस्था में मजबूती

**2024-25 में ग्रोथ रेट 6.6% रहेगी**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोमवार को अपनी एक रिपोर्ट में भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति को स्थिर और मजबूत बताया है। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था में 6.6% की वृद्धि दर का अनुमान व्यक्त किया है। आरबीआई के अनुसार, यह मजबूती ग्रामीण खपत में सुधार, सरकारी खर्च और निवेश में तेजी, और मजबूत सेवा निर्यात से मिली है। आरबीआई ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन आर्थिक स्थिरता को दर्शाता है और आने वाले समय में भी विकास की दर सकारात्मक रहने की संभावना है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि सेवा क्षेत्र में निर्यात में वृद्धि, सरकार के खर्चों में वृद्धि और ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोग में सुधार के कारण इस वृद्धि को समर्थन मिला है।

### आरओए और आरओई 10 साल के उच्चतम स्तर पर


आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में यह भी बताया गया कि भारतीय वित्तीय प्रणाली जुझारू स्थिति में है। रिपोर्ट में कहा गया कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) ने अच्छा मुनाफा दर्ज किया है, गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में कमी आई है और उनके पास पर्याप्त पूंजी और नकदी भंडार मौजूद हैं। आरबीआई ने बताया कि परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) और इक्विटी पर प्रतिफल (आरओई) अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं। इसके अलावा, सकल गैर-निष्पादित आस्ति (जीएनपीए) अनुपात भी कई सालों के निचले स्तर पर आ गया है, जो वित्तीय स्थिरता की ओर इशारा करता है।

# मराठी एक्ट्रेस की शिकायत पर महिला आयोग सख्त

**भाजपा विधायक सुरेश धस पर कार्रवाई के निर्देश**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र राज्य महिला आयोग ने सोमवार को मुंबई पुलिस को अभिनेत्री प्राजक्ता माली की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है, जिसमें उन्होंने भाजपा विधायक सुरेश धस के खिलाफ आरोप लगाए थे कि विधायक ने उनके बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी।



### माली की शिकायत और आरोप

अभिनेत्री प्राजक्ता माली ने महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई कि भाजपा विधायक सुरेश धस की ''अनुचित और अपमानजनक'' टिप्पणियों ने उनके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। माली ने यह भी आरोप लगाया कि इन टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ अपमानजनक सामग्री प्रसारित की गई।

### मुख्यमंत्री फडणवीस का आश्वासन



यह प्रतिक्रिया माली द्वारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुंबई में उनके आवास पर मुलाकात करने के एक दिन बाद आई है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने माली और उनके परिवार को आश्वासन दिया कि महिलाओं के अपमान की किसी भी घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उचित कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को माली ने बीड जिले के भाजपा विधायक सुरेश धस से सरपंच हत्या मामले में राकांपा नेता धनंजय मुंडे को निशाना बनाने के लिए उनका नाम घसीटने के लिए माफी मांगने की मांग की थी।

### आयोग का निर्देश

महिला आयोग ने माली की शिकायत के बाद कार्रवाई शुरू कर दी है। आयोग ने अपने 'एक्स' हैंडल के माध्यम से सूचित किया कि यह मामला गंभीर है और मुंबई पुलिस आयुक्त को तत्काल कार्रवाई करने तथा तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। माली की शिकायत पर पूछे जाने पर भाजपा विधायक सुरेश धस ने कहा कि यह मुद्दा उनके लिए खत्म हो चुका है और वे परिणाम भुगतने के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले को लेकर ध्यान भटकाने का प्रयास नहीं होना चाहिए, खासकर संतोष देशमुख हत्याकांड और बीड जिले में हो रहे अपराधों के संदर्भ में।

# मुंबई में बढ़ता वायु प्रदूषण, एक्शन मोड में मनपा

## बोरीवली पूर्व और भायखला में निर्माण कार्यों को बंद करने का निर्देश

**धीरज सिंह | मुंबई**

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के आयुक्त भूषण गगरानी ने मुंबई में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए एक कड़ा कदम उठाया। सोमवार को शहर में प्रदूषण और बिगड़ती वायु गुणवत्ता के मुद्दे पर उन्होंने अधिकारियों की एक बैठक ली और उन्होंने भायखला और बोरीवली (पूर्व) में चल रहे सार्वजनिक परियोजना कार्य सहित सभी निर्माण कार्य बंद करने का निर्देश दिया। क्योंकि इन क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक लगातार 200 से ऊपर है।



इसके अलावा वर्ली, नेवी नगर में भी हवा की गुणवत्ता खराब होने के बावजूद और दो दिन और नजर रखने का निर्देश दिया है। अगर इन दो दिनों में कोई सुधार नहीं होगा तो यहां भी निर्माण कार्यों पर सुधार होने तक रोक लगा दी जाएगी।

### प्रदूषण का कारण

सोमवार को मनपा मुख्यालय में पत्रकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए आयुक्त ने कहा कि प्रदूषण में वृद्धि के लिए जलवायु परिवर्तन, वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन और निर्माण स्थलों से निकलने वाली धूल को जिम्मेदार है। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त अमित सैनी, विपिन शर्मा, सदस्य सचिव महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अविनाश ढाकणे उपस्थित थे।

### नोटिस पर कारवाई न करने पर कानूनी एक्शन

मनपा आयुक्त ने बताया कि पूरे एमएमआर क्षेत्र में 2200 निजी निर्माण कार्य चल रहे हैं और इसके अलावा कई सरकारी प्रोजेक्ट भी विभिन्न संस्थाओं के हैं। मनपा ने प्रदूषण फैलाने वाले 286 निर्माण कार्यों को 'काम रोकने' के नोटिस जारी किए गए हैं। इसके बावजूद कार्य चलता पाया गया तो 'एमआरटीपी' अधिनियम - धारा 52 के तहत सीधे पुलिस में गैर जमानती अपराध मामला दर्ज किया जाएगा।

# सड़क हादसे में बाल-बाल बचे सांसद रवींद्र वायकर

**ट्रक चालक गिरफ्तार**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**




जोगेश्वरी इलाके में एसआरपीएफ कैंप के प्रवेश द्वार के पास रविवार की रात एक दुर्घटना में शिवसेना शिंदे समूह के सांसद रवींद्र वायकर बाल-बाल बच गए। इस दुर्घटना में उनकी कार क्षतिग्रस्त हुई है। वनराई पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### घटना की छानबीन जारी

पुलिस के अनुसार देर रात सांसद रविंद्र वायकर जोगेश्वरी इलाके में एसआरपीएफ कैंप के पास से गुजर रहे थे। तभी एक ट्रक ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे के वक्त सांसद वायकर कार में थे, लेकिन उन्हें और कार चालक को कोई चोट नहीं लगी, लेकिन उनकी कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के बाद वनराई इलाके की पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि ट्रक चालक नशे में धुत था, इसपर उसका मेडिकल करवाया गया।

# इस साल बांग्लादेशियों के खिलाफ 195 मामले दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**




बांग्लादेशी अवैध घुसपैठियों के खिलाफ मुंबई पुलिस भी कार्रवाई कर रही है। मुंबई पुलिस के ज्वॉइंट कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि इस साल अवैध रूप से मुंबई में रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ कुल 195 मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में कुल 278 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, 50 के करीब अवैध बांग्लादेशी नागरिक हैं, जिन्हें इस देश की कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें उनके देश डिपोर्ट कर दिया गया है। चौधरी ने बताया कि पिछले तीन सप्ताह में 50 बांग्लादेशी नागरिकों को मुंबई के अलग-अलग इलाकों से गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेशी नागरिक मुंबई में किराए के मकान पर रहते हैं। ऐसे में मुंबई पुलिस के ज्वॉइंट कमिश्नर चौधरी ने कहा कि हमने खासकर मकान मालिकों को भी कहा है कि वो किसे मकान किराए पर दे रहे हैं इसकी जानकारी पुलिस को अवश्य दें।

# एक्शन में देवेंद्र फडणवीस

**कई IAS-IPS अफसरों को बाहर करने की तैयारी**

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस महाराष्ट्र की नौकरशाही में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहे हैं। पिछले हफ्ते एक शीर्ष नौकरशाह को खराब प्रदर्शन के कारण हटाया गया था। अब फडणवीस पूरे प्रशासनिक ढांचे यानी IAS और IPS अधिकारियों के प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। अधिकारियों का पिछले 10 साल का कार्यकाल देखा जाएगा। उनके प्रदर्शन के आधार पर नई तैनाती दी जाएगी।

## 'पुराना पैटर्न' करेंगे लागू



### फडणवीस के सामने चुनौती?

अब फडणवीस ने राज्य की कमान संभाल ली है। शिंदे और वित्त मंत्री अजित पवार उनका सहयोग कर रहे हैं। फडणवीस के सामने सबसे बड़ी चुनौती महाराष्ट्र को वित्तीय संकट से उबारना है। राज्य पर 8 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। इसे कम करना और जनता का सरकार में विश्वास बहाल करना भी जरूरी है।

### फडणवीस के काम का तरीका क्या?

दरअसल 2014-19 में अपने पहले कार्यकाल में फडणवीस ने पिछले दो दशकों के प्रदर्शन के आधार पर नौकरशाहों और IPS अधिकारियों का चयन किया था। उन्होंने सुनिश्चित किया था कि केवल ईमानदार अधिकारियों को ही महत्वपूर्ण पद मिले। 2019 से 2024 के बीच राजनीतिक परिदृश्य बदल गया। उद्धव ठाकरे और फिर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पुरानी व्यवस्था जारी रही। कानून-व्यवस्था और वित्तीय स्थिति बिगड़ने के बावजूद किसी वरिष्ठ IAS या IPS अधिकारी को नहीं हटाया गया।

### रोटेशन के आधार पर हो पोस्टिंग

वरिष्ठ नौकरशाहों का मानना है कि फडणवीस को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कुछ नौकरशाह प्रमुख विभागों पर एकाधिकार न बनाएं। सभी नई पोस्टिंग रोटेशन के आधार पर दी जानी चाहिए। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काम करने वाले IAS अधिकारियों को सामाजिक क्षेत्र में काम करने का अवसर मिलना चाहिए और इसके विपरीत भी।

# साल 2024 में मुंबई में हथियारों का जखीरा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र के बीड जिले में सरपंच की हत्या के बाद मुंबई पुलिस ने शहर में अवैध हथियार रखने वालों की जांच करने का आदेश दिया है। खासकर, मुंबई में पिछले पांच सालों में इस साल सबसे ज्यादा बंदूकें जब्त की गई हैं, जिससे अवैध हथियारों की तस्करी एक गंभीर समस्या बनकर उभरी है। मुंबई के पुलिस कमिश्नर विवेक फंसालकर ने अवैध हथियारों की तस्करी को रोकने के लिए सभी अधिकारियों को कड़े कदम उठाने का निर्देश दिया है।

## पुलिस कमिश्नर ने अधिकारियों को दिए निर्देश



### सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी और NCP नेता की हत्या के बाद इंटेलिजेंस पर सवाल

इस साल की शुरुआत में बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी की घटना और अक्टूबर में NCP नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद मुंबई पुलिस की खुफिया जानकारी पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। दोनों घटनाओं में पुलिस की इंटेलिजेंस विफल नजर आई, जिसके कारण पुलिस कमिश्नर ने इंटेलिजेंस सिस्टम को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया है।

### हथियारों की तस्करी और जब्त किए गए आंकड़े

अक्टूबर तक मुंबई पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत 128 मामले दर्ज किए, जिनमें 157 हथियार (बंदूक) और 1455 जिंदा कारतूस जब्त किए गए। इन मामलों में 122 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जब्त किए गए हथियारों में 46 देशी रिवॉल्वर, 99 देशी पिस्तौल और 11 विदेशी निर्मित हथियार शामिल हैं, जिनमें बाबा सिद्दीकी की हत्या में इस्तेमाल तुर्की और ऑस्ट्रियाई ग्लॉक मॉडल पिस्तौल भी शामिल हैं।

### साल 2024 में हथियारों की जब्ती का आंकड़ा

इस साल 2024 में अक्टूबर तक मुंबई पुलिस ने 128 मामले दर्ज किए हैं, जिनमें 157 हथियार और 1455 जिंदा कारतूस जब्त किए गए। इसने पिछले वर्षों के आंकड़ों को भी पीछे छोड़ दिया है, जो हथियारों की तस्करी और अवैध गतिविधियों में वृद्धि की ओर इशारा करते हैं।

### सड़क मार्ग से हथियारों की तस्करी

अधिकारी के मुताबिक, मुंबई में हथियारों की तस्करी मुख्य रूप से सड़क मार्ग से की जा रही है। इसके कारण एंट्री पॉइंट पर हर व्यक्ति की तलाशी लेना मुश्किल हो रहा है। जांच से यह भी सामने आया है कि जब्त किए गए कई हथियार मध्य प्रदेश के बुरहानपुर और बिहार के मुंगेर जैसे क्षेत्रों में बनाए गए थे, जो अवैध हथियार निर्माण के प्रमुख केंद्र माने जाते हैं।

### विदेश निर्मित हथियारों की तस्करी

जांच में यह भी सामने आया कि पाकिस्तान की सीमा से सटे राज्य राजस्थान के जरिए विदेशी निर्मित हथियारों की तस्करी की जाती है। ये हथियार अक्सर सुरंगों और ड्रोन का उपयोग करके भारत में भेजे जाते हैं। मुंबई पुलिस ने पिछले वर्षों में हथियारों की जब्ती के कई आंकड़े पेश किए हैं, जिनमें 2024 का आंकड़ा सबसे अधिक चौंकाने वाला है।

# मुंबई और ठाणे में एफएसएल में लंबित मामलों का कोर्ट ने मांगा डेटा

### साइबर अपराध की जांच में देरी पर चिंता

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/ठाणे**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने मुंबई और ठाणे में फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं (एफएसएल) में पिछले पांच सालों से लंबित मामलों का डेटा मांगा है। अदालत ने विशेष रूप से साइबर अपराध की जांच में होने वाली देरी पर चिंता जताई है। अदालत ने पहले भी राज्य सरकार को फोरेंसिक विभाग के अपग्रेडेशन में सुस्ती के लिए फटकार लगाई थी।



### नवीनतम परियोजनाओं के माध्यम से जांच प्रक्रिया में तेजी

13 दिसंबर 2024 को एफएसएल के निदेशक ने अदालत को सूचित किया कि गृह विभाग द्वारा स्वीकृत अर्ध-स्वचालित परियोजना का कार्य आदेश 1 अक्टूबर 2024 को प्राप्त हुआ था। इस परियोजना का उद्देश्य साइबर फोरेंसिक जांच को तेज करने के लिए उन्नत उपकरणों और प्रौद्योगिकियों का उपयोग करना है। इसके अलावा, 4 अक्टूबर 2024 को डिजिटल फोरेंसिक में उत्कृष्टता केंद्र को प्रशासनिक मंजूरी भी मिली है, जिससे जांच प्रक्रिया को गति मिलेगी।

### एफएसएल में लंबित मामलों का डेटा देने का आदेश

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति अद्वैत सेथना की पीठ ने आदेश दिया कि 29 जनवरी 2025 तक एफएसएल मुंबई और ठाणे में लंबित मामलों पर विस्तृत डेटा प्रस्तुत किया जाए। अतिरिक्त सरकारी वकील वी.बी.कोंडे-देशमुख ने अदालत को सूचित किया कि विभाग इस देरी को दूर करने के लिए कई प्रयास कर रहा है।

### आधिकारिक नियुक्तियों और भर्ती प्रक्रिया की जानकारी

टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) को कार्यबल की क्षमता बढ़ाने के लिए 125 क्लास-3 पदों को भरने का कार्य सौंपा गया है। सितंबर 2024 में भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी, और वर्तमान में भर्ती प्रक्रिया चल रही है। अदालत ने यह भी आश्वासन लिया कि न्यायिक आदेशों के तहत फोरेंसिक रिपोर्टों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### साइबर अपराध के मामलों को स्थानांतरित करने की मांग

अदालत में सुनवाई एडुएज प्राइवेट लिमिटेड की याचिका पर हो रही थी, जिसमें साइबर अपराध की जांच में देरी के कारण मामले को बांद्रा पुलिस स्टेशन से किसी अन्य स्वतंत्र एजेंसी को स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। याचिका में यह आरोप लगाया गया था कि फोरेंसिक विश्लेषण में देरी के कारण मामले की जांच प्रभावित हो रही है।

# पुलिस ने नए साल के जश्न के लिए सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियां की

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**

नए साल के जश्न की उल्टी गिनती शुरू हो गई है, और नवी मुंबई पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है कि उत्सव शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से मनाया जाए। सोमवार को नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने कहा कि पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी ताकि हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे कानून और नियमों का पालन करते हुए जिम्मेदारी से उत्सव मनाएं।




### सुरक्षा व्यवस्था और नशीली दवाओं की निगरानी

नवी मुंबई पुलिस शहर के प्रमुख इलाकों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष इंतजाम कर रही है। इसके अलावा, नशीली दवाओं की खपत पर निगरानी रखने के लिए सिविल ड्रेस में पुलिस अधिकारी भी तैनात किए जाएंगे। मिलिंद भारम्बे ने कहा, मैं लोगों से अपील करता हूं कि वे शराब पीकर गाड़ी न चलाएं। पनवेल क्षेत्र में स्थित फार्महाउसों में विशेष ध्यान दिया जाएगा, जहां ऐसे गतिविधियों की संभावना अधिक रहती है।

### शराब तस्करी पर शिकंजा

नव वर्ष के मौके पर शराब की भारी खपत को देखते हुए, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने 21 दिसंबर को मुंबई के दाना बंदर इलाके में एक गोदाम पर छापा मारा। वहां से लगभग 80 लाख रुपये मूल्य की 580 बोतलें विदेशी शराब जब्त की गईं। इस मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और एक ट्रक भी जब्त किया गया। नए साल के जश्न के दौरान शराब की तस्करी के मामलों में वृद्धि होती है, खासकर शहरी इलाकों में, जहां पार्टियों और समारोहों में शराब का भारी उपयोग किया जाता है। पुलिस ने ऐसे मामलों पर कड़ी नजर रखने का निर्णय लिया है ताकि नए साल का जश्न बिना किसी अप्रिय घटना के मनाया जा सके।

# नए साल से पहले आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

### पुणे में 1 करोड़ की शराब जब्त, 9 लोग गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | पुणे**



नए साल से पहले पुणे में राज्य उत्पादन शुल्क विभाग की ओर से नकली शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। राज्य उत्पादन शुल्क विभाग ने अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई कर गोवा निर्मित शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में कुल 1 करोड़ 20 लाख 32 हजार रुपये की शराब जब्त की गई है और 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही 1668 बोतल विदेशी शराब और 5 वाहन भी जब्त किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य उत्पाद शुल्क विभाग की सासवड टीम को संदिग्ध वाहनों का निरीक्षण करते समय 3 पेटी गोवा नकली शराब मिली। उनसे प्राप्त जानकारी पर नसरापुर में शेड में छापा मारा गया। वहां ट्रक में ईंट भट्टों के लिए आवश्यक कोयला पाउडर और विभिन्न ब्रांडों की गोवा निर्मित विदेशी शराब की पेटियां और पात्रा शेड में गोवा निर्मित शराब की थर्माकोल पेटियां मिलीं। पता चला कि शराब को फ्रूट पल्प के नाम पर गुजरात व अन्य जगहों पर भेजने के लिए थर्माकोल के डिब्बों में पैक किया जा रहा था। यहां से छह चक्का ट्रक, 51 लाख 95 हजार 170 रुपये मूल्य की 1710 बोतल गोवा निर्मित विदेशी शराब जब्त की गयी है और चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### गोवा ले जा रहे थे शराब

दूसरी कार्रवाई निगडी में पवले ब्रिज के नीचे भक्ति शक्ति चौक पर की गई है। पड़ोसी राज्य गोवा में बिक्री के लिए विदेशी शराब और बीयर का कुल शराब स्टॉक 1 लाख 34 हजार 230 रुपये एक ट्रैवल कंपनी की निजी बस से लाया जा रहा था। बस ड्राइवर को हिरासत में लिया गया और यह स्टॉक जब्त कर लिया गया। इस शराब के स्टॉक को खड़की स्टेशन के पास बांटा जाना था। वहां जाकर पांच आरोपियों को शराब के साथ हिरासत में लिया गया। साथ ही 2 दोपहिया वाहन और एक छह पहिया बस को जब्त कर लिया गया। यहां से 126 बोतल विदेशी शराब, 24 बोतल बीयर और कुल 68 लाख 37 हजार 730 रुपये सामग्री जब्त किये गये हैं। इन दोनों अपराधों में 1 करोड़ 20 लाख 32 हजार 900 रुपये का माल जब्त किया गया है और 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# म्हाडा उपाध्यक्ष संजीव जयसवाल समेत 12 लोगों पर मारपीट का मामला

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**





म्हाडा के उपाध्यक्ष संजीव जयसवाल के कार्यालय में गुरुवार को हुए मारपीट के मामले में एक निवासी ने जयसवाल और 12 अन्य कर्मचारियों के खिलाफ खेरवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि जयसवाल ने निवासी के साथ मारपीट की और अन्य कर्मचारियों ने भी हिंसक व्यवहार किया। इस घटना के बाद दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। अंधेरी स्थित मंगलमूर्ति सहकारी हाउसिंग सोसायटी में पुनर्विकास के तहत दिसंबर 2023 में मूल निवासियों को कब्जा दिया गया था। लेकिन आठ निवासियों का डेवलपर के साथ विवाद था और इस संबंध में वे कोर्ट और म्हाडा से मदद की उम्मीद कर रहे थे। इस मामले की सुनवाई के बाद, 28 दिसंबर को निवासी विजय चालके (सेवानिवृत्त पुलिस उपनिरीक्षक) ने म्हाडा के उपाध्यक्ष से मिलने का प्रयास किया, जिसके बाद दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। जयसवाल ने आरोप लगाया कि विजय चालके ने महिला अधिकारी और उच्च पदस्थ अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किया और सरकारी कार्य में विघ्न डाला। इसके बाद म्हाडा ने विजय चालके के खिलाफ मामला दर्ज किया। वहीं, विजय चालके ने आरोप लगाया कि जयसवाल ने न सिर्फ उनके साथ मारपीट की, बल्कि उन्हें धमकी दी कि पुलिस अधिकारियों से कह दिया जाएगा कि उनका एनकाउंटर कर दिया जाएगा और उनकी पेंशन बंद कर दी जाएगी। चालके ने यह भी आरोप लगाया कि जयसवाल ने उनकी चेन और हेडफोन तोड़े और बेरहमी से उन्हें पीटा। इस घटना के बाद, विजय चालके ने जयसवाल और 12 अन्य म्हाडा कर्मचारियों के खिलाफ खेरवाड़ी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया। इस मामले की जांच जारी है, और पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत आरोप दर्ज किए हैं। जयसवाल ने इस विवाद को सीधे तौर पर म्हाडा से संबंधित नहीं बताया, और कहा कि यह सोसायटी, डेवलपर्स और निवासियों के बीच का विवाद है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि 30 दिसंबर को एक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें निवासियों, सोसायटी और डेवलपर्स के बीच समस्या का समाधान किया जाएगा। म्हाडा के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी इस घटना के बाद कहा कि विजय चालके ने उच्च अधिकारियों और महिला कर्मचारियों के खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया, जिससे माहौल खराब हुआ।

# ठाणे के पहले महापौर सतीशचंद्र प्रधान का अंतिम संस्कार संपन्न

### उपमुख्यमंत्री शिंदे और उद्धव हुए शामिल

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे के पहले महापौर और शिवसेना के पूर्व सांसद सतीशचंद्र प्रधान का रविवार को आयु संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया था। वह 87 वर्ष के थे। सोमवार को ठाणे के वैकुंठ धाम में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया।



### राजकीय सम्मान में अंतिम विदाई

प्रधान के अंतिम संस्कार में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, शिवसेना (उद्धव गुट) प्रमुख उद्धव ठाकरे, मंत्री गणेश शिंदे, प्रताप सरनाईक, भाजपा विधायक रवींद्र चव्हाण, और पूर्व सांसद राजन विचारे सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

### शिवसेना के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका

सतीशचंद्र प्रधान ने 1966 में बाल ठाकरे के साथ मिलकर शिवसेना के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने ठाणे शहर और जिले में पार्टी संगठन का विस्तार किया और ठाणे नगर निगम के पहले महापौर के रूप में कार्य किया। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा।

# मुंबई लोकल के लिए लग सकती है लंबी दूरी की ट्रेनों पर लगाम

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई की लोकल ट्रेन प्रणाली की पंक्चुअलिटी में सुधार और समय पर ट्रेनों को चलाने के लिए सेंट्रल रेलवे ने एक नई योजना का प्रस्ताव दिया है। इस योजना के तहत, लंबी दूरी की हॉलिडे स्पेशल मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को रिंग रूटट्र यानी सर्कुलर रूट पर चलाया जाएगा, जिससे मुंबई की लोकल ट्रेनों पर इनका दबाव कम हो सके। यह योजना फिलहाल प्रस्तावित है और रेलवे मंत्रालय के पास इसकी समीक्षा के लिए भेजी गई है।



### क्या है योजना?

इस योजना के तहत, लंबी दूरी की ट्रेनें सीधे (लाइनियर) रूट की बजाय सर्कुलर रूट पर चलेंगी। उदाहरण के तौर पर, अगर कोई ट्रेन मुंबई से उत्तर प्रदेश जाती है, तो यह ट्रेन कल्याण से शुरू होकर ठाणे और पनवेल से होते हुए उत्तर दिशा में जाएगी और वापसी में प्रयागराज, वाराणसी और छपरा जैसे प्रमुख स्टेशनों से होती हुई मुंबई लौटेगी। इस प्रक्रिया में ट्रेन का समापन किसी एक टर्मिनस स्टेशन पर नहीं होगा।

### छोटे रूट्स पर लागू करना होगा आसान

सर्कुलर रूट वाली ट्रेनों को छोटे रूट्स पर लागू करना अधिक आसान होगा। इस साल, सेंट्रल रेलवे ने दिवाली और छठ पूजा के दौरान मुंबई, पुणे और नागपुर से 570 विशेष ट्रेनें चलाई थीं। अधिकारियों का मानना है कि इस सर्कुलर रूट से ट्रेन के रेक और क्रू का बेहतर उपयोग हो सकेगा, और ट्रेन को 4-6 घंटे रुककर पानी भरने और कोच की सफाई करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। वर्तमान में, लंबी दूरी की ट्रेनें मुख्य रूप से मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी), दादर और लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) से संचालन करती हैं, जिससे लोकल ट्रेन सिस्टम पर दबाव बढ़ता है और देरी होती है।

# उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की बड़ी कार्रवाई

### चोरी की सात बाइक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने चोरी की मोटरसाइकिलों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से सात चोरी की बाइक बरामद की हैं। इन बाइक्स की कुल कीमत लगभग 2.98 लाख है। इस सफलता से पुलिस ने शहर में अपनी सक्रियता और कार्यक्षमता को साबित किया है।



### घटना का विवरण

उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के पुलिस कांस्टेबल राजेंद्र थोरवे को सूचना मिली थी कि अमर डाई कंपनी के पास कुछ लोग चोरी की बाइकों के साथ घूम रहे हैं। इस सूचना पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई, जिसमें सहायक पुलिस निरीक्षक बंदे, पुलिस कांस्टेबल गणेश गावड़े, योगेश वाघ, मंगेश जाधव, प्रकाश पाटिल, रितेश वंजारी, संजय शेरमाले और प्रसाद टोंडीकर शामिल थे। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनके पास से सात चोरी की बाइक बरामद हुईं।

### पुलिस की कार्रवाई और भविष्य की अपील

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों को चोरी से बचाने के लिए सतर्क रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस स्टेशन को दी जाए ताकि चोरी की घटनाओं को रोका जा सके।

### गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रवि अर्जुन जैसवार (23), आशीष राजकुमार गुप्ता (23), और साबेद उर्फ बाबू मुन्ना रिजवी (22) के रूप में हुई है। ये आरोपी अशेलेगांव, जिला ठाणे के निवासी हैं। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने पहले चोरी की बाइकों को अपनी कब्जे में लिया और बाद में उन्हें बेचने की कोशिश की थी।

अस्पताल में नहीं मिली आईसीयू

# बच्चे के जन्म के बाद इलाज के लिए जा रही महिला की रास्ते में मौत

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**

पालघर जिले में एक 22 वर्षीय गर्भवती महिला की बच्चे को जन्म देने के बाद मौत हो गई, क्योंकि उसे अस्पताल में जरूरी इलाज नहीं मिल सका। रिपोर्ट के अनुसार, महिला को 26 दिसंबर को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बच्चे के जन्म के बाद उसे पोस्टपार्टम हेमरेज (बच्चे के जन्म के बाद अत्यधिक रक्तस्राव) हुआ, जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

### मेडिकल सुविधाओं का अभाव और इलाज में देरी



मोखाड़ा के छोटे से गांव में रहने वाली इस महिला को आवश्यक इलाज के लिए मोखाड़ा के मेडिकल सेंटर में भर्ती किया गया था, लेकिन वहां की सुविधाएं अपर्याप्त थीं। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जव्हार में स्थित बड़े अस्पताल में ले जाने की सलाह दी गई, जो कि लगभग 20-22 किलोमीटर दूर था। महिला को जव्हार कुटीर अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसे ब्लड चढ़ाया गया, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद, परिजनों को उसे नासिक सिविल अस्पताल ले जाने की सलाह दी गई, जहां आईसीयू की सुविधा थी।

### रास्ते में महिला की मृत्यु

नासिक सिविल अस्पताल लगभग 75-80 किलोमीटर दूर था, और भौगोलिक कारणों से एंबुलेंस भी धीमी गति से चल रही थी। इलाज के अभाव और समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण महिला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जव्हार अस्पताल के डॉक्टर भरत महाले ने बताया कि महिला का अत्यधिक रक्तस्राव हो रहा था और यहां आईसीयू की सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

### सांसद हेमंत सावरा का बयान

पालघर के सांसद हेमंत सावरा ने इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि जव्हार में 200 बेड के अस्पताल को मंजूरी दी गई है, और इसका निर्माण जल्द शुरू होगा। उन्होंने यह भी बताया कि ट्रॉमा सेंटर और पालघर सिविल अस्पताल के निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है और ये जल्द जनता के लिए खोल दिए जाएंगे।

सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड

# कुर्की काफी नहीं: आठवले

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/ छत्रपति संभाजीनगर**

बीड में पवन चक्कियां स्थापित करने वाली एक ऊर्जा कंपनी से जबरन वसूली का विरोध करने वाले देशमुख का 9 दिसंबर को अपहरण कर लिया गया और उन्हें कठोर यातनाएं दी गईं, जिससे उनकी मौत हो गई। मामले में अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले को लेकर महाराष्ट्र की सियासत गर्म है। इस बीच केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले भी राज्य सरकार पर हमलावर दिख रहे हैं। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने सोमवार को कहा कि बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या और उससे जुड़े जबरन वसूली के मामले में सिर्फ आरोपियों की संपत्ति कुर्क करना ही काफी नहीं है। देशमुख के परिजनों से मिलने के बाद आठवले ने कहा कि मामले में शामिल आरोपियों को जल्द



से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। हालांकि, देशमुख की हत्या से जुड़े जबरन वसूली के मामले में आरोपी वाल्मीक कराड को लेकर सियासी खींचतान शुरू हो गई है, जिसे परली से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी विधायक और राज्य सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे का करीबी सहयोगी माना जाता है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 28 दिसंबर को राज्य पुलिस के अपराध जांच विभाग (CID) से संतोष देशमुख हत्याकांड के आरोपियों की संपत्तियां कुर्क करने को कहा था।

# तीन बाइक सवार की मौत

**डीबीडी संवाददाता | पालघर**



पालघर जिले में तीनबाइक सवारों की मौत हो गई,जबकि एक अन्य महिला जख्मी हो गई। पुलिस के मुताबिक बाइक सवार राहुल हारके,चिन्मय चौरे और मुकेश वावरे सायवन मार्ग पर जा रहे थे। तभी वाघाड़ी गांव के करीब सामने से आई एक ईको कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार तीनों युवकों की मौत हो गई। जबकि कार सवार केतकी मोरे जख्मी हो गई। कासा पुलिस मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आरोपी अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

# कल्याण रेल्वे स्टेशन परिसर से हत्या आरोपी क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़ा

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर में हुई हत्या के मामले में आरोपी को क्राइम ब्रांच पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए कल्याण रेल्वे स्टेशन से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सचिन उर्फ बबल्या आनंद डिगे (24) के रूप में हुई है। बबल्या पर 29 दिसंबर की रात पंकज हिरामण निकम (29) की हत्या का आरोप है।



### घटना का विवरण

जानकारी के अनुसार, रविवार रात शांतीनगर परिसर में मामूली विवाद के बाद बबल्या ने पंकज निकम के गले पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। मृतक पंकज निकम की पत्नी ने इस हत्या की शिकायत मध्यवर्ती पुलिस में दर्ज कराई थी। पुलिस ने हत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी थी और आरोपी की तलाश कर रही थी।

### क्राइम ब्रांच की कार्रवाई

हत्या के बाद आरोपी के फरार होने के चलते वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक टीम बनाई गई। क्राइम ब्रांच जोन-4 के पुलिस उपनिरीक्षक प्रविण खोचरे और पुलिस शिपाई अर्जुन मुतलगिरी को मुखबिरों से जानकारी मिली कि आरोपी बबल्या कल्याण रेल्वे स्टेशन पर आने वाला है। इस जानकारी के आधार पर पुलिस ने वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के नेतृत्व में एक टीम बनाई और आरोपी को कल्याण रेल्वे स्टेशन परिसर से गिरफ्तार किया।

### आगे की कार्रवाई

आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों की गहन जांच की जाएगी और आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सहयोगी दलों में बढ़ा मतभेद

## महानगरपालिका चुनाव को लेकर आघाड़ी में बिगाड़ी



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों के बीच महाराष्ट्र में महानगरपालिका चुनावों में साथ लड़ने को लेकर मतभेद बढ़ गया है। शिवसेना यूबीटी के बाद शरद पवार की राकांपा ने भी मुंबई मनपा चुनाव स्वबल पर लड़ने का संकेत दिया है।

### राकांपा एसपी की बैठक में निर्णय

मुंबई में राकांपा एसपी के आला नेताओं की मुंबई महानगरपालिका चुनाव की तैयारी को लेकर 30 दिसंबर को बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में राकांपा एसपी प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील, सांसद सुप्रिया सुले, सांसद अमोल कोल्हे सहित पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में जयंत पाटील ने कहा कि उनका पहला प्रयास रहेगा कि हम महाविकास आघाड़ी के रुप में नगर निगम चुनाव लड़ें लेकिन अगर स्थिति नहीं बनी तो हम स्वबल पर चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से तैयार रहना है।



### शिवसेना यूबीटी के प्रवक्ता ने किया स्पष्ट

इसके बाद शिवसेना यूबीटी के प्रवक्ता आनंद दूबे ने कहा कि नगर निगम चुनाव उनकी पार्टी स्वबल पर ही लड़ेगी। इस संबंध में पार्टी अपना रुख साफ कर चुकी है। आनंद दूबे ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव तक ही महाविकास आघाड़ी सीमित है, स्थानीय निकाय चुनाव में सबको अलग-अलग लड़ना चाहिए, जिससे जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को न्याय मिल सके।


### आघाड़ी के सहयोगी दलों में दूरी बढ़ी

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद महाविकास आघाड़ी के सहयोगी दलों में दूरी बढ़ी है। महाविकास आघाड़ी की सहयोगी पार्टी समाजवादी पार्टी आघाड़ी से अलग हो गई है, जबकि शिवसेना नेता भी अब महाविकास आघाड़ी से हटकर अपनी भूमिका तय करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के एक नेता ने नाम उजागर न करने की शर्त पर बताया कि महाविकास आघाड़ी में लडऩे की वजह से विधानसभा चुनाव में उनकी सीटें घट गई हैं। अगर हम अलग होकर चुनाव लड़ें तो हमें किसी भी तरह का नुकसान नहीं होगा, इसलिए कांग्रेस पार्टी को महाविकास आघाड़ी की बजाय स्वबल पर ही चुनाव लड़ना चाहिए।

### कांग्रेस भी तैयार

कांग्रेस पार्टी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने इस मुद्दे पर कहा था कि उनका प्रयास रहेगा कि स्थानीय स्तर पर भी हम महाविकास आघाड़ी के रुप में चुनाव लड़ें। लेकिन अगर शिवसेना अलग लड़ना चाहती है तो फिर हम भी इसके लिए तैयार हैं।

# मदरसे में पढ़ने वाले 11 साल के लड़के ने लगाई फांसी



### बाथरूम में मिला शव

**मुंबई।** मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है, यहां एक 11 साल के लड़के ने फांसी लगाकर जान दे दी, जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया। ये घटना मुंबई के मलाड मालवणी की है। नाबालिग का शव बाथरूम में मिला। परिजन का कहना है कि बच्चे ने बाथरूम का दरवाजा बंद कर फांसी लगाई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मालवणी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और मामले की तहकीकत में जुट गई। शुरुआती जांच के बाद पुलिस ने बताया कि मौके से किसी प्रकार का कोई नोट नहीं मिला है। लड़का मालवणी में रहता था और अपने बड़े भाई के साथ मलाड़ के नज़दीकी मदरसे में पढ़ता था। शनिवार की शाम को जब दूसरे छात्र खेलने के लिए बाहर गए थे, तो वो लड़का साथियों के साथ बाहर खेलने के लिए नहीं गया और वहीं पर रुक गया। जिसके बाद नाबालिग ने बाथरूम का दरवाज़ा अंदर से बंद करके आत्महत्या कर ली। घटना का पता जब परिजनों को चला तो पूरे घर में कोहराम मच गया।

# दूसरे शख्स के साथ देखकर गुस्साए पति ने की हत्या

### सुहागरात पर पत्नी से हुआ था विवाद

**मुंबई।** मुंबई में एक पति ने अपनी पत्नी की चाकू गोदकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर महज 2 घंटे में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि सुहागरात वाले दिन पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद दोनों अलग रहने लगे थे। दरअसल मामला दिंडोशी थाने के मलाड ईस्ट कसमबाग का है। यहां के रहने वाले नितिन जामधे (32) और कोमल जामधे (24) ने 6 साल पहले कोर्ट मैरिज की थी। लेकिन परिवार की नाराजगी और सुहागरात वाले दिन दोनों के बीच पैसों को लेकर विवाद के कारण दोनों शादी के बाद भी साथ नहीं रहते थे। इसलिए दोनों अलग रहने लगे थे।



### पति ने पत्नी की प्राइवेट तस्वीर कर दी वायरल

नितिन बैंक में काम करता है और कोमल प्राइवेट जॉब करती थी। अलग रहने के बाद कोमल किसी दूसरे लड़के के साथ घूमने जाती थी। जिसकी प्राइवेट तस्वीर नितिन ने वायरल कर दी थी। इस संबंध में पत्नी ने 2023 में अपने पति के खिलाफ डिंडोशी में मामला भी दर्ज कराया था। पति नितिन जब भी अपनी पत्नी को अपने साथ रहने के लिए बुलाता था, तो उसकी पत्नी उससे और पैसों की मांग करती थी, जिससे वह परेशान रहता था।

### पत्नी को मिलने के लिए बुलाया और कर दी हत्या

इसी बीच रविवार शाम को नितिन ने अपनी पत्नी कोमल को अपने दोस्त के घर मिलने के लिए बुलाया। मगर, फिर कोमल ने पहले उससे पैसों की मांग की। इसी बात को लेकर नितिन ने अपनी पत्नी को अपने दोस्त के घर बुलाया और उस पर चाकू से 8 बार हमला किया। इससे कोमल के गर्दन, पीठ, कमर और हाथ में गंभीर चोटें आईं और उसकी मौत हो गई।

### कोमल की मां की शिकायत पर FIR दर्ज

पत्नी की हत्या करने के बाद पति ने उसे बाथरूम में बंद कर दिया और फरार हो गया। पड़ोसियों की शिकायत के बाद कोमल की मां को इस बात का पता चला। कोमल की मां की शिकायत के बाद डिंडोशी पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### मामले में पुलिस ने कही ये बात

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजय अफले ने बताया कि पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी नितिन अपनी पत्नी पर शक करता था। जब वह किसी और के साथ बाहर जाती थी, तो नितिन को बुरा लगता था। नितिन जब उसे फोन करता था, तो कोमल उससे पैसे मांगती थी, जिससे वह नाराज था। कल रात उसने उसे अपने दोस्त के घर बुलाया और उसकी हत्या कर दी। दिंडोशी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। आगे की जांच जारी है।

# शराब पीकर स्टंट कर रहे युवक की मौत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के कांदिवली में शराब के नशे में रिक्शा पर खतरनाक स्टंट करने वाले भूषण बांदेकर की मौत हो गई। दरअसल, स्टंट के दौरान रिक्शा सड़क पर खड़े टेंपो से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि वो बुरी तरह से घायल हो गया।

भूषण बांदेकर को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना 25 दिसंबर की है। पुलिस ने लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण भूषण की मौत के आरोप में उसके रिक्शा चालक दोस्त शिवकुमार नटराज शेट्टी को गिरफ्तार किया है। ये दुर्घटना करीब रात 10 बजे कांदिवली के एमजी रोड पर सागर मार्बल एंड ग्रेनाइट की दुकान के पास हुई। मलाड के मार्वे रोड पर रहने वाली भूषण बांदेकर की पत्नी नंदिनी ने रात करीब 11 बजे घटना की जानकारी दी।

### भूषण गंभीर रूप से घायल हो गया था



भूषण को इलाज के लिए कांदिवली के शताब्दी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि भूषण अपने दो दोस्तों के साथ 25 दिसंबर की शाम हिंदुस्तान नाका के पास एक पार्टी में गया था। पार्टी के दौरान भूषण ने बहुत ज़्यादा शराब पी ली थी और वो शिवकुमार शेट्टी के साथ रिक्शा में यात्रा करते समय गाड़ी के बाहर लटक कर स्टंट कर रहा था।

जैसे ही रिक्शा सागर मार्बल और ग्रेनाइट की दुकान के पास से गुजरा, वह सड़क के किनारे खड़े एक टेंपो से टकरा गया, जिससे भूषण गंभीर रूप से घायल हो गया। शिवकुमार उसे शताब्दी अस्पताल ले गए, जहां उसे आईसीयू में भर्ती कराया गया लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद भूषण ने दम तोड़ दिया। घटना के बारे में पता चलने पर कांदिवली पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और भूषण की पत्नी नंदिनी बांदेकर का बयान दर्ज किया।

### पुलिस मामले की जांच कर रही है

पुलिस की जांच में पता चला है कि भूषण और शिवकुमार दोनों ने शराब पी रखी थी और शिवकुमार ने भूषण को रिक्शा पर लटककर स्टंट करने से नहीं रोक रहा था। उसकी लापरवाही से गाड़ी चलाने की वजह से टेंपो से टक्कर हो गई, जिससे भूषण की मौत हो गई। नंदिनी ने बाद में शिवकुमार शेट्टी के खिलाफ लापरवाही के कारण अपने पति की मौत के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिवकुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# यूसीसी के समर्थन में आईं मुस्लिम महिलाएं

### सरकार के सामने रखीं 25 शर्तें

**मुंबई।** केंद्र सरकार द्वारा यूनिफॉर्म सिविल कोड (UCC) लागू करने की दिशा में कई बार प्रतिबद्धता व्यक्त की जा चुकी है, और बताया जा रहा है कि सरकार अगले साल इस पर विचार कर सकती है। इस बीच, मुंबई स्थित एक मुस्लिम महिला संगठन ने UCC के समर्थन का ऐलान किया है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने सरकार के सामने अपनी 25 शर्तें भी रखी हैं। संगठन का कहना है कि अगर केंद्र सरकार इन शर्तों को UCC में शामिल करती है, तो वे इसका पूरा समर्थन करेंगे।

### मुस्लिम महिलाओं की शर्तें



सोमवार को मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुस्लिम महिला संगठन ने कहा कि वर्तमान में जो सबसे ज़रूरी मुद्दे हैं, उन्हें ही यूसीसी में शामिल किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यूसीसी पर चर्चा समान अवसर और समानता के आधार पर की जानी चाहिए, न कि इसे राजनीतिक मुद्दा बनाया जाए। संगठन ने सरकार से यह भी पूछा कि वह इस बिल में मुस्लिम महिलाओं को कैसे शामिल करेगी, ताकि पॉलीगामी, हलाला, महिलाओं का संपत्ति में हिस्सा जैसे मुद्दों पर मदद मिल सके।

### मांगों का विस्तृत खाका

मुस्लिम महिला संगठन ने अपनी 25 शर्तों को संबंधित विभागों को भी भेजा है। इनमें शादी, हलाला, तलाक, अडॉप्शन, कस्टडी, जेंडरशिप और प्रॉपर्टी में हिस्से जैसी विभिन्न मांगों को शामिल किया गया है। संगठन का कहना है कि इन मुद्दों को संबोधित किए बिना UCC को लागू नहीं किया जा सकता, और मुस्लिम महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सरकार को इन बदलावों को ध्यान में रखना चाहिए।

# मेघवाड़ी पुलिस ने शातिर गैंग का किया भंडाफोड़

### 16 लाख के मोबाइल्स बरामद

संदीप कसालकर | मुंबई

मेघवाड़ी पुलिस ने मोबाइल चोरी और चोरी के मोबाइल बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 16 .45 लाख मूल्य के 104 मोबाइल बरामद किए हैं। 12 अप्रैल 2024 को जोगेश्वरी में एक घर से दो मोबाइल और एक लैपटॉप चोरी हुए थे। जांच में आरोपी इम्तियाज सिद्दीकी (27) को गिरफ्तार किया गया।

उसके पास से एक चोरी का मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में इम्तियाज ने बताया कि दूसरा मोबाइल वाजिद खान (29) को बेचा गया था। वाजिद ने कबूल किया कि उसने मोबाइल नरसिमलु गुज्जरवार को बेचा। पुलिस ने नरसिमलु के घर पर छापा मारकर 104 मोबाइल बरामद किए। बरामद मोबाइल्स की कीमत 16 .45 लाख आंकी गई है।

### पुलिस की टीम




यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त विवेक फणसळकर, विशेष पुलिस आयुक्त देवेन भारती, पुलिस सह आयुक्त सत्यनारायण चौधरी, अपर पुलिस आयुक्त परमजीत सिंह दहिया, उप पुलिस आयुक्त सचीन गुंजाळ, सहायक पुलिस आयुक्त संपतराव पाटील, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संभाजी जाधव, पुलिस निरीक्षक गणेश कानडे, सहायक पुलिस निरीक्षक आनंद भगत, पुलिस उप निरीक्षक विष्णुपंत तिडके, पुलिस उप निरीक्षक मनोज भोसले, पुलिस उप निरीक्षक मयूर इंगळे, हवलदार दत्तात्रय माने, पुलिस सिपाही अनिकेत निकम, पुलिस सिपाही देवेंद्र ठाकूर, पुलिस सिपाही विशाल पवार और महिला पुलिस सिपाही वृषाली दुबे ने अंजाम दी। मामले की जांच जारी है, और पुलिस को शक है कि गिरोह ने मुंबई के अन्य इलाकों में भी इसी तरह के अपराध किए हैं।

**जाहीर नोटीस**

सभी लोगों को सूचित किया जाता है कि **श्री. तानाजी शंकर देसाई** घोषणा करते हैं कि, मेरा लडका **कै. सचिन तानाजी देसाई** का दि. १७/११/२०२४ को निधन हो गया उनकी मृत्यु के बाद कानूनी उत्तराधिकारी के रूप में **१) तानाजी शंकर देसाई पिता, २) मंगला तानाजी देसाई माताजी, ३) संदेश तानाजी देसाई भाई, ४) वैशाली सचिन देसाई पत्नी, ५) सिध्दी सचिन देसाई** लडकी, स्थायी पत्ता बी / २४, गायत्री दर्शन, मानपाडा रोड, अपना बझार, गणेश नगर डोंबिवली ईस्ट, कल्याण टिळक नगर, ठाणे, महाराष्ट्र, ४२१२०१. तथा संपत्ती का पत्ता वसंत विहार त्रिवेणी, बिल्डींग नं. ६, रूम नं. ५, पी.एन.टी. कॉलनी मानपाडा रोड, डोंबिवली ईस्ट, टिळकनगर, डोंबिवली, ठाणे, महाराष्ट्र ४२१२०१. ऐसे में उक्त मृतक का हमारे अलावा कोई दूसरा वारिस नहीं है।

उक्त जानकारी पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस बैंक के प्रधान कार्यालय में जमा की जानी है। यदि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो कृपया उक्त नोटिस के प्रकाशन की तिथि से १५ दिनों के भीतर सही साक्ष्य के साथ पीरामल कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस बैंक कार्यालय डोंबिवली (ठाणे) से संपर्क करें, अन्यथा इस पर विचार नहीं किया जाएगा।

स्थान:- डोंबिवली
दिनांक:- ३१/१२/२०२४

हस्ताक्षर/-
**श्री. तानाजी शंकर देसाई**

# स्थानीय निकाय चुनाव में बीजेपी के लिए रास्ता साफ करेगी RSS



### पार्टी की भी बैठकें हुई शुरू

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने बड़ी जीत हासिल की जिसकी किसी को भी उम्मीद नहीं थी।

बीजेपी की इस बड़ी जीत में सबसे बड़ा हाथ आरएसएस का माना जाता है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद अब आरएसएस फिर एक बार स्थानीय निकाय चुनाव के लिए अपनी कमर कस रही है। विधानसभा चुनाव की तरह अब आरएसएस स्थानीय निकाय चुनाव में भी बीजेपी को जीताने के लिए बड़ी भूमिका निभाने को तैयार हो रही है। क्योंकि स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर बीजेपी के साथ ही आरएसएस की बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है। देखा जाए तो बीजेपी में ये क्षमता है कि वे स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ सकती है। हालांकि, बीजेपी ने विधानसभा का चुनाव महायुति गठबंधन में एकनाथ शिंदे की शिवसेना के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। ऐसी स्थिति में महाविकास अघाड़ी भी चुनाव की बड़ी तैयारी कर रहा है।

देखा जाए तो महाविकास अघाड़ी में शामिल पार्टियों का स्थानीय निकाय चुनाव में बड़ा प्रभुत्व है। इसलिए महाविकास अघाड़ी में शामिल एनसीपी शरद पवार गुट, शिवसेना यूबीटी गुट और कांग्रेस तीनों ही पार्टियां अकेले चुनाव लड़ने के लिए चर्चाएं कर रही है और अकेले चुनाव लड़ना चाहती है। आपको बता दें कि बीएमसी पर 25 वर्षों से अविभाजित शिवसेना का कब्जा रहा है।

# मिनी पाकिस्तान वाले बयान पर नितेश राणे ने दी सफाई

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे के एक बयान ने सियासी हलचल बढ़ा दी है। राणे ने अपने बयान में केरल को मिनी पाकिस्तान कह दिया। उन्होंने केरल राज्य की तुलना पाकिस्तान से की है। राणे का बयान देखते ही देखते तूल पकड़ लिया। इस बीच मामले के गरमाता देख नितिन राणे ने बताया कि उन्होंने यह बयान क्यों दिया। बता दें, राणे की टिप्पणी के बाद पूरा विपक्ष महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ मुद्दा छेड़ दिया है। दरअसल महाराष्ट्र के मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे ने एक भाषण के दौरान केरल को "मिनी पाकिस्तान" बताते हुए कह दिया था कि कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और राहुल गांधी इसी कारण सांसद बने हैं।

### नितिन राणे ने दी सफाई

इधर, मामले को तूल पकड़ता देख महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे ने केरल पर अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा कि "केरल हमारे देश का हिस्सा है। हिंदुओं की घटती आबादी के बारे में हर किसी को चिंता करनी चाहिए। वहां हिंदुओं का ईसाई और मुस्लिम में धर्मांतरण रोजमर्रा की बात होती जा रही है। लव जिहाद के मामले भी बढ़ रहे हैं। ऐसे में मैंने स्थिति की तुलना पाकिस्तान में हिंदुओं के साथ किए जाने वाले व्यवहार से किया था। अगर केरल में भी ऐसी ही स्थिति पैदा होती है, तो हमें इसके बारे में सोचना होगा।'

### नितिन राणे ने क्या बयान दिया था ?

बीते रविवार को महाराष्ट्र सरकार के मंत्री नितेश राणे ने एक सभा में बोलते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी पर जमकर हमला बोला था। इसी दौरान उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मुस्लिमों के कारण वायनाड से चुनाव जीत पाए हैं। उन्होंने कहा है कि केरल 'मिनी पाकिस्तान' है। इसी कारण राहुल और उनकी गांधी वहां से जीत पाए हैं। नितिन राणे के बयान को लेकर विपक्ष कांग्रेस ने उन पर जोरदार हमला किया। कांग्रेस ने राणे के मंत्रिमंडल में शामिल होने पर भी सवाल उठाए। कांग्रेस ने राणे के बयान को लेकर प्रदेश के सीएम देवेंद्र फडणवीस पर भी तीखा हमला बोला था। मामले को तूल पकड़ता देख नितेश राणे ने सामने आकर सफाई दी।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**देवनार बूचड़खाना**

विभाग-महाप्रबंधक, देवनार बूचड़खाना

**"ई-निविदा सूचना"**

एमसीजीएम के नगर आयुक्त निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित करते हैं,जो 06.01.2025 की नियत तिथि तक वापस की जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | बोली संख्या | बोली आरंभ तिथि | बोली समाप्ति तिथि | EMD मूल्य | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देवनार बूचड़खाने में CFC केंद्र, सम्मेलन कक्ष, उप महाप्रबंधक कार्यालय और आगंतुक क्षेत्र के फर्नीचर के नवीनीकरण और प्रतिस्थापन का कार्य | 2024_ MCGM_ 1131430_ 1 | 31.12.2024 | 06.01.2025 | 53600/- | रु.6600/- +18% GST |

इच्छुक पात्र ठेकेदार MCGM वेबसाइट https://portal lmcgm lgov lin/ पर चयनित विभाग देवनार बूचड़खाने के अंतर्गत ई-निविदा के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं या,(भागीदारों से -> निविदाएं देखें -> डिपार्टमेंट सेलेक्ट करें-देवनार बूचड़खाना) या महाप्रबंधक कार्यालय देवनार बूचड़खाना,गोवंडी रेलवे स्टेशन के सामने गोवंडी, मुंबई 43 से प्राप्त कर सकते हैं।

हस्ता ./-
महाप्रबंधक
देवनार बूचड़खाना

पीआरओ/2108/विज्ञा ./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# साइबर क्राइम का शिकंजा

देश में साइबर अपराधों में लगातार आ रही तेजी सरकार और आम जनता की चिंता का सबब बनी हुई है। हालांकि सरकार के नियामक संगठन और खुफिया एजेंसियां लगातार सक्रिय हैं लेकिन अपराधी अपराध के नये-नये तौर-तरीकों से अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने में लगे हैं। यद्यपि, यह संकट विश्वव्यापी है, लेकिन देश में डिजिटलीकरण के प्रयासों के बाद इन अपराधों में तेजी आई है। इंडियन साइबर क्राइम को-ऑर्डिनेशन सेंटर के इस माह के शुरुआत में आए आंकड़ों में बताया गया कि इस साल सितंबर तक देश में साइबर धोखाधड़ी से 11,333 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। चौंकाने वाली बात यह है कि इस दौरान स्टॉक ट्रेडिंग घोटालों में सर्वाधिक सवा दो लाख शिकायतें आईं और करीब साढ़े चार हजार करोड़ का नुकसान बताया गया। यह बताता है कि देश में साइबर अपराध का जाल कितना दायरा बढ़ा चुका है। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय की साइबर अपराधों पर नजर रखने वाली एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार देश में नवंबर तक साइबर धोखाधड़ी की बारह लाख शिकायतें आईं, जिनमें से 45 फीसदी मामलों को म्यांमार, लाओस व कंबोडिया आदि से अंजाम दिया गया। इस तरह ऑनलाइन वित्तीय सेवाओं में साइबर सेंधमारा का मकड़जाल लगातार उपभोक्ताओं की मुसीबतों का सबब बन रहा है। मोबाइल स्पाइवेयर भी एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं, जो उपभोक्ताओं की आवश्यक गुप्त रूप से जानकारियां चुरा लेते हैं। जिसके सहारे वित्तीय फ्रॉड को अंजाम दिया जाता है।

हाल के दिनों में साइबर अपराधों में नया तरीका डिजिटल अरेस्ट जुड़ गया है, जिसके जरिये देश की वित्तीय नियामक एजेंसियों व पुलिस के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये वसूले जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि साइबर हमलों के अलावा ऑनलाइन फ्रॉड और सेक्सटार्शन के मामले भी सामने आ रहे हैं। साथ ही डाटा चोरी, रैनसमवेयर, ऑनलाइन घृणा फैलाने, साइबर बुलिंग तथा नागरिक सेवाओं व अस्पतालों पर हमले के मामले सामने आते रहते हैं। इसमें शत्रु देशों की तरफ से देश की अर्थव्यवस्था व आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश भी शामिल होती है। विडंबना यह है कि देश में साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये अलग से कड़ा कानून नहीं है। दूसरी ओर आईटी एक्ट में संशोधन कर लाए गए प्रावधान इन साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। साइबर अपराधों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिये केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए साइबर को-ऑर्डिनेशन सेंटर को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने की जरूरत है, जिसने पिछले दिनों दक्षिण पूर्व एशिया से सक्रिय साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में पहल की थी। निस्संदेह, इस संकट के मुकाबले के लिये जहां सरकारों को सख्त कानून बनाने की जरूरत है, वहीं नागरिकों को इन अपराधों से बचने के लिये जागरूक करने की जरूरत है। जिसमें केंद्र व राज्य स्तर पर साइबर नियंत्रक पुलिस बल की आवश्यकता भी महसूस की जा रही है।

प्रहार

# विपक्ष को जरूरत मजबूत लीडर और विजनरी लीडरशिप की



राजेश कसेरा
(वरिष्ठ पत्रकार हैं, उदयपुर में निवास)

बीते 11 सालों में देश की राजनीति में बहुत कुछ ऐसा घटा जिसकी कल्पना बीते 77 सालों में किसी ने नहीं की थी। आजादी के बाद भारत की सियासत ने मंथर गति से अपने बदलावों को देखा और अपनाया। कांग्रेस ने एकतरफा देश पर राज किया तो विपक्ष ने उसे घेरने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों से उसे सत्ता से दूर करने के रास्ते निकाले। कभी ऐसे हथकंडे नहीं अपनाए, जिससे कि लोकतंत्र या उसकी गरिमा पर कोई गंभीर प्रश्न चिन्ह लगे। लेकिन बीते एक दशक की राजनीति ने जो रूप-रंग दिखाया उससे साफ हो गया कि सत्ता और पॉवर को हासिल करने के लिए उठाया कोई भी कदम सही है, उचित है। क्योंकि किसी ने भी इसे गलत ठहराने या इसके खिलाफ आवाज बुलंद करने का काम ही नहीं किया। सबकी नजरें केवल कुर्सी हथियाने और अपने हिसाब से उस पर टिके रहने पर रहीं। लोकतंत्र के लिए क्या सही है और क्या गलत है, इसका फर्क करना तो दूर इस दिशा में सोचना तक गंवारा नहीं समझा। राजनीति की गिरावट का दौर तो यहां तक आ गया कि मुद्दों की समझ का दौर भी बीते जमाने की बात हो गया।

आज हालात ये हैं कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर संवेदना व्यक्त करने से कहीं ज्यादा उनके समाधि स्थल को लेकर सियासत का घमासान मचा है। विपक्ष का तो हाल ये हो गया है कि रोजाना उनको ऐसे मुद्दों को लपकने की जल्दबाजी रहती है कि उसका प्रभाव क्या और कितना पड़ेगा, इसकी किसी को चिंता नहीं। बस, उस पर हल्ला करना है, मीडिया में शोर मचाना है और कितनी तेजी से उसे अफवाह की तरह फैलाना है इस पर ज्यादा जोर रहता है। उनको इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उनकी उठाई गई आवाज को कोई सुन भी रहा है या नहीं। सत्ताधारी दल को घेरने के लिए किसी हद तक जाना हो तो चले जाओ। अंधेरे में तीर छोड़ते जाओ। वह सही निशाने पर लगे या नहीं, इसकी परवाह मत करो। हालात इस कदर लचर हो गए हैं कि देश में विपक्ष के नाम पर न तो कोई लीडर दिख रहा है, न लीडरशिप, जिसका प्रभाव आम आदमी पर पड़े। इस स्थिति में जिन सत्ताधारियों का असर दिख रहा है, उनको सशक्त बनाने का काम यही विपक्ष कर रहा है।

सत्ता से दूर होने के बाद देश की सबसे बड़ी और पुरानी पार्टी कांग्रेस इस कदर बिखर जाएगी, इसके बारे में किसी ने अनुभव नहीं किया होगा। देश में जब कांग्रेस का शासन था तो उसे सीधे चुनौती देने का काम मजबूत विपक्ष ने किया। विपक्ष ने उन मुद्दों पर कांग्रेस की सरकार को घेरा जो आमजन से सीधे जुड़े थे। 2014 में जब नरेन्द्र मोदी भाजपा के प्रधानमंत्री के रूप में उभरे तो पार्टी के तत्कालीन लीडर्स और उनकी लीडरशिप में तैयार की गई रणनीति ने जनमानस को जोड़ने का काम किया। पार्टी ने अबकी बार, मोदी सरकार और अच्छे दिन आने वाले हैं जैसे चुनिंदा नारों से देश को जोड़ दिया। प्रचंड बहुमत से मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने अपनी सरकार का मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास दे दिया। इसके बाद भाजपा ने प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी को अपना लीडर बना दिया और उनकी लीडरशिप में बीते 11 सालों में अधिकांश चुनावों में परचम फहराया। जीत का सबब और जीतने की आदत जो सत्ताधारी दल की बनी, उसका असर अनवरत है।

इतना सबकुछ देखने के बाद भी विपक्ष यदि अपने प्रतिद्वंद्वी से कुछ नहीं सीखें तो उसे क्या कहेंगे? आंख का अंधा और नाम नयनसुख ही। विपक्ष को ये स्वीकारना होगा कि देश की प्रगति में जितना बड़ा योगदान सत्ताधारी दलों का होता है, उतना ही मजबूत विपक्ष का भी होता है। वही सरकार को सही राह पर चलने के लिए मजबूर करता है। व्हिसलब्लोअर के रूप में जनप्रहरी की भूमिका निभाता है। सरकार को घेरने की ऐसी रणनीति बनाता है जिसका साझेदार स्वतः आमजन बन जाता है। लोकतंत्र में एक ठोस लीडर का अर्थ जनता के बीच मुद्दों को ले जाना और उनके माध्यम से आवाज बनकर गूंजना है। मौजूदा परिस्थितियों में विपक्ष के पास कोई ऐसा नेता यानी लीडर नहीं है, जिसे जनता के मुद्दों की नब्ज टटोलनी आती हों। सिर्फ शोर-शराबा या हंगामा करने से दिल के गुबार तो ठंडे हो सकते हैं, लेकिन दिमाग में बात बैठ नहीं सकती। इसलिए देश की जनता के दिलोंदिमाग में जगह बनानी है तो उनके मन की बात को जानना, समझना और क्रियान्वित करना ही होगा, नहीं तो बिना सुर-ताल के जोर-जोर से ढोल बजाने से वह फटता ही रहेगा, उसकी आवाज न तो किसी के कानों तक पहुंचेगी, न दिल पर दस्तक देगी।

rajesh.kasera8@gmail.com


जीवन मंत्र

जे कृष्णमूर्ति

# किसी को नाम क्या देना

हम किसी चीज को, गुलाब के फूल को कोई संज्ञा इसलिए देते हैं, ताकि दूसरों को बता सकें; या फिर उसे नाम देकर हम सोचते हैं कि हमने उसे समझ लिया है; हमने उसका वर्गीकरण कर लिया है और ऐसा करके हमने उस फूल की समस्त अंतर्वस्तु व सौंदर्य को जान लिया है।

हम किसी भी चीज को नाम क्यों देते हैं? किसी फूल, व्यक्ति, भावना आदि पर हम कोई लेबल क्यों लगा देते हैं? हम ऐसा अपनी भावनाओं को संप्रेषित करने, उस फूल का बखान करने आदि के लिए करते हैं या फिर उस भावना से अपना तादात्म्य बिठाने के लिए। हम किसी चीज को, गुलाब के फूल को कोई संज्ञा इसलिए देते हैं, ताकि दूसरों को बता सकें; या फिर उसे नाम देकर हम सोचते हैं कि हमने उसे समझ लिया है; हमने उसका वर्गीकरण कर लिया है और ऐसा करके हमने उस फूल की समस्त अंतर्वस्तु व सौंदर्य को जान लिया है। किसी वस्तु को एक संज्ञा देकर हम उसे एक कोटि में रख देते हैं और हम उसे और ध्यान से नहीं देखते। लेकिन यदि हम उसे कोई नाम नहीं देते, तो हमें उसे देखना पड़ता है; तात्पर्य यह कि तब हम किसी फूल या वस्तु को एक नएपन के साथ, परख की एक नवीन मौलिकता के साथ देखते हैं; हम उसे ऐसे देखते हैं, मानो पहले उसे कभी न देखा हो। नाम देना व्यक्तियों या वस्तुओं को निपटा देने का बड़ा आसान तरीका है- वे जर्मन हैं, जापानी हैं, अमेरिकी हैं, हिंदू हैं, ऐसा कहकर आप उन्हें एक लेबल बना सकते हैं और फिर उस लेबल को नष्ट




कर सकते हैं। यदि व्यक्तियों को आप कोई लेबल न दें, तो आप उन्हें देखने पर मजबूर होंगे और तब किसी की हत्या करना कहीं अधिक कठिन हो जाएगा।

आप किसी लेबल को नष्ट कर सकते हैं और खुद को बड़ा धर्मात्मा समझ सकते हैं। लेकिन यदि आप कोई लेबल, कोई कोटि न दें और उस वस्तु विशेष को सीधे-सीधे देखें, वह चाहे कोई मनुष्य हो, फूल हो, कोई प्रसंग हो या कोई भावना, तब आप उसके साथ अपने संबंध पर गौर किए बिना नहीं रह सकेंगे। अतः नाम या लेबल देना किसी चीज से पीछा छुड़ाने, उसके निषेध, उसकी निंदा-प्रशंसा की एक बड़ी सुविधाजनक विधि है। यह इसका एक पक्ष हुआ।

कभी आपने सोचा है कि हमेशा नामकरण करने वाला, चुनने वाला, लेबल देने वाला वह केंद्र कौन सा है? हम सभी महसूस करते हैं कि ऐसा कोई केंद्र, कोई मर्म तो है, जहां से हम कर्म कर रहे हैं, मूल्यांकन कर रहे हैं, नामकरण कर रहे हैं। क्या है वह केंद्र, वह स्रोत? कुछ लोग ऐसा सोचना पसंद करेंगे कि वह एक आध्यात्मिक तत्व है, ईश्वर है या ऐसा ही कुछ है। अतः हमें यह जानना चाहिए कि वह मर्म, वह केंद्र क्या है, जो नाम दे रहा है, शब्द दे रहा है, मूल्यांकन कर रहा है? निस्संदेह, वह केंद्र है स्मृति। वह संवेदनाओं की एक श्रृंखला है, जिनके साथ तादात्म्य कर लिया गया है और जिनके घेरे बना दिए गए हैं, वर्तमान के माध्यम से जीवन पाता अतीत। और इस केंद्र के विसर्जित होने पर ही बोध संभव होता है।

शख्सियत | मल्लिकार्जुन मंसूर

# एक हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक



पंडित मल्लिकार्जुन भीमारायप्पा मंसूर, कर्नाटक के एक हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक थे। उन्होंने ख़याल शैली में गाया और जयपुर-अतरौली घराने से संबंधित थे।उन्हें तीनों राष्ट्रीय पद्म पुरस्कार मिले, 1970 में पद्म श्री, 1976 में पद्म भूषण, और 1992 में भारत सरकार द्वारा दिया गया दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण 1982 में, उन्हें संगीत नाटक अकादमी फ़ेलोशिप से सम्मानित किया गया, जो भारत की राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी, संगीत नाटक अकादमी द्वारा दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

मल्लिकार्जुन का जन्म 31 दिसंबर 1910 में नए साल की पूर्व संध्या पर कर्नाटक के धारवाड़ से पांच किलोमीटर पश्चिम में एक गांव मंसूर में हुआ था। उनकी जीवनी के अनुसार उनका जन्म अमावस्या के दिन हुआ था। उनके पिता, भीमररायप्पा, गांव के मुखिया, पेशे से किसान और संगीत के प्रेमी थे। उनके चार भाई और तीन बहनें थीं। उनके बड़े भाई बसवराज के पास एक थिएटर मंडली थी, और इस तरह नौ साल की उम्र में मल्लिकार्जुन ने एक नाटक में एक छोटी भूमिका निभाई।

मंसूर बड़ी संख्या में दुर्लभ (अप्रचलित) रागों जैसे शुद्ध नट, आसा जोगिया, हेम नट, लच्छसख, खाट, शिवमत भैरव, कबीर भैरव, बिहारी, संपूर्ण मालकौंस, लाजवंती, अदम्बरी केदार, एक निषाद पर अपनी पकड़ के लिए प्रसिद्ध था। प्रारंभ में, उनकी आवाज़ और शैली मांजी खान और नारायणराव व्यास से मिलती जुलती थी, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने प्रस्तुति की अपनी शैली विकसित की।वह हिज मास्टर वॉयस (एचएमवी) के साथ संगीत निर्देशक और बाद में ऑल इंडिया रेडियो के धारवाड़ स्टेशन के संगीत सलाहकार भी रहे। भारतीय वृत्तचित्र फिल्म निर्देशक नंदन कुध्यादी ने 1994 में संगीतकार के बारे में 'रसयात्रा' बनाई, इसने सर्वश्रेष्ठ नॉन-फीचर फिल्म, सर्वश्रेष्ठ नॉन-फीचर फिल्म सिनेमैटोग्राफी और सर्वश्रेष्ठ नॉन-फीचर फिल्म संपादन के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीते। 12 सितंबर को धारवाड़ में सांस संबंधी जटिलताएं विकसित होने के बाद उनकी मृत्यु हो गई। उनका राजकीय अंतिम संस्कार किया गया। उनकी जन्मशती को चिह्नित करने के लिए 1 से 3 जनवरी 2011 तक धारवाड़ और हुबली में तीन दिवसीय संगीत समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें पूरे भारत के गायकों ने प्रस्तुति दी और उनके जन्मस्थान मंसूर गांव में करियाम्मा देवी मंदिर परिसर में प्रदर्शन आयोजित किए गए। मंसूर में उनके पैतृक घर को भी एक स्मारक में बदल दिया गया।

2013 में, उनके संगीत का पांच ऑडियो सीडी संग्रह, ₹आकाशवाणी संगीत₹, जिसमें दुर्लभ 'वचन गायन' प्रस्तुतियां शामिल थीं। सितंबर 2014 में, संगीत में उनके योगदान की स्मृति में इंडिया पोस्ट द्वारा मंसूर पर एक डाक टिकट जारी किया गया था।

जीवन ऊर्जा

हेनरी जॉन डॉयचेंडोर्फ जूनियर : जन्म 31 दिसंबर, 1943 | जन्म

# हम हमेशा एक-दूसरे का हिस्सा रहे हैं और रहेंगे

हेनरी जॉन डॉयचेंडोर्फ जूनियर, जिन्हें पेशेवर रूप से जॉन डेनवर के नाम से जाना जाता है, एक अमेरिकी गायक और गीतकार थे। वह 1970 के दशक के सबसे लोकप्रिय ध्वनिक कलाकारों में से एक थे और उस दशक में सबसे ज्यादा बिकने वाले कलाकारों में से एक थे। ऑलम्यूजिक ने डेनवर को ₹अपने युग के सबसे प्रिय मनोरंजनकर्ताओं में से एक₹ कहा है। उनका जन्म 31 दिसंबर, 1943 को रोसवेल, न्यू मैक्सिको, यू.एस. में हुआ था और 12 अक्टूबर, 1997 को उनका निधन हो गया।

मैं हमेशा यह सोचना पसंद करता हूं कि हम खुद को जीवन में उन परिस्थितियों में रखते हैं जो हमें वहां तक जाने में मदद करेंगी जहां हमारी आत्मा जा रही है।

आराम करें, अपनी सीटों पर आराम से बैठें और संगीत को आपको जहां भी ले जाना हो, लेने दें। शांति एक सचेत विकल्प है। एक स्वस्थ और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए आप जो भी योगदान दे सकते हैं, उसे करने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करें - दुनिया को आपकी सख्त जरूरत है। उसे अपने अंदर खोजें और प्रतिबद्धता बनाएं—वही चीज दुनिया को बदल देगी। मृत्यु कोई अंत नहीं है, बल्कि उस पथ पर गति का प्रतीक है जिस पर हम सभी यात्रा कर रहे हैं। चूंकि हम जिससे प्यार करते हैं उसके भौतिक पहलू से संपर्क



खोना दर्दनाक हो सकता है, आत्मा को कभी नहीं खोया जा सकता है। हम हमेशा एक-दूसरे का हिस्सा रहे हैं और रहेंगे। दुनिया को देने के लिए आपके पास सबसे अच्छी चीज़ आप स्वयं हैं। आपको किसी और की नकल करने की जरूरत नहीं है।

यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप दूसरे सर्वश्रेष्ठ हैं। सफलता प्राप्त करने के लिए सबसे पहले स्वयं बनना है। धरती पर कभी भी ऐसा समय नहीं रहा जैसा हम आज देखते हैं। हमें अपने अंतर्संबंध का अनुभव करने के लिए और अधिक तरीकों की आवश्यकता है - यह गहरे प्रेम का अग्रदूत है। तो इस तेज होती रोशनी में, प्रत्येक नए दिन की सुबह के साथ, आइए हम प्यार की तलाश करें। आइए अब और संघर्ष न करें। आइए हम वह बनें जो हम सबसे अधिक बनना चाहते हैं। जैसे ही हम वह बनना शुरू करेंगे जो हम वास्तव में हैं, दुनिया एक बेहतर जगह बन जाएगी। मैं इतना चाहूंगा कि युवाओं को इस बात का एहसास हो कि वे कितने प्रतिभाशाली हैं। उनमें से बहुतों को ऐसा महसूस नहीं होता।


सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# हनुमान चालीसा में छिपे प्रबंध के सूत्र

(भाग 1)

कई लोगों की दिनचर्या हनुमान चालीसा पढ़ने से शुरू होती है। पर क्या आप जानते हैं कि श्री हनुमान चालीसा में 40 चौपाइयां हैं, ये उस क्रम में लिखी गई हैं जो एक आम आदमी की जिंदगी का क्रम होता है। माना जाता है तुलसीदास ने हनुमान चालीसा की रचना की है। हनुमान जी को गुरु बनाकर उन्होंने राम को पाने की शुरुआत की। अगर आप सिर्फ हनुमान चालीसा पढ़ रहे हैं तो यह आपको भीतरी शक्ति तो दे रही है, लेकिन अगर आप इसके अर्थ में छिपे जिंदगी के सूत्र समझ लें तो आपको जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिला सकते हैं। हनुमान चालीसा सनातन परंपरा में लिखी गई पहली चालीसा है, शेष सभी चालीसाएं इसके बाद ही लिखी गई। हनुमान चालीसा की शुरुआत से अंत तक सफलता के कई सूत्र हैं। आइए जानते हैं हनुमान चालीसा से आप अपने जीवन में क्या-क्या बदलाव ला सकते हैं।




पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

### शुरुआत गुरु से

हनुमान चालीसा की शुरुआत गुरु से हुई है।

श्रीगुरु चरन सरोज रज,
निज मनु मुकुरु सुधारि।

अर्थ - अपने गुरु के चरणों की धूल से अपने मन के दर्पण को साफ करता हूं। गुरु का महत्व चालीसा की पहले दोहे की पहली लाइन में लिखा गया है। जीवन में गुरु नहीं है तो आपको कोई आगे नहीं बढ़ा सकता। गुरु ही आपको सही रास्ता दिखा सकते हैं।



इसलिए तुलसीदास ने लिखा है कि गुरु के चरणों की धूल से मन के दर्पण को साफ करता हूं। आज के दौर में गुरु हमारा सलाहकार भी हो सकता है, अधिकारी भी। माता-पिता को पहला गुरु ही कहा गया है।

समझने वाली बात ये है कि गुरु यानी अपने से बड़ों का सम्मान करना जरूरी है। अगर तरक्की की राह पर आगे बढ़ना है तो विनम्रता के साथ बड़ों का सम्मान करें।

### वेशभूषा का रखें ख्याल

चालीसा की चौपाई है-

कंचन बरन बिराज सुबेसा,
कानन कुंडल कुंचित केसा।

अर्थ - आपके शरीर का रंग सोने की तरह चमकीला है, सुवेष यानी अच्छे वस्त्र पहने हैं, कानों में कुंडल हैं और बाल संवरे हुए हैं। आज के दौर में आपकी तरक्की इस बात पर भी निर्भर करती है कि आप रहते और दिखते कैसे हैं। पहला प्रभाव अच्छा होना चाहिए। अगर आप बहुत गुणवान भी हैं, लेकिन अच्छे से नहीं रहते हैं तो ये बात आपके करियर को प्रभावित कर सकती है। इसलिए, रहन-सहन और वेशभूसा हमेशा अच्छा रखें।

### हनुमान चालीसा में छिपे प्रबंध के सूत्र

सिर्फ डिग्री काम नहीं आती।

बिद्यावान गुनी अति चातुर,
राम काज करिबे को आतुर।

अर्थ - आप विद्यावान हैं, गुणों की खान हैं, चतुर भी हैं। राम के काम करने के लिए सदैव आतुर रहते हैं। आज के दौर में एक अच्छी डिग्री होना बहुत जरूरी है। लेकिन चालीसा कहती है सिर्फ डिग्री होने से आप सफल नहीं होंगे। विद्या हासिल करने के साथ आपको अपने गुणों को भी बढ़ाना पड़ेगा, बुद्धि में चतुराई भी लानी होगी। हनुमान में तीनों गुण हैं, वे सूर्य के शिष्य हैं, गुणी भी हैं और चतुर भी।

(क्रमशः)

सक्सेस मंत्र

# कामयाबी के लिए चलते रहने की जिद जरूरी

अपने आसपास कुछ लोगों को आप जुझारु, सनकी या जिद्दी कहते हैं। इसकी वजह होता है उनका एक खास गुण कि उन्हें जो चाहिए, उसे वह हासिल करके ही दम लेते हैं। जिद्दी लोगों को अक्सर लोग कम पसंद करते हैं, मगर यह भी गलत नहीं है कि ऐसे ही लोगों में दुनिया को बदलने का साहस होता है। इस दुनिया में कुछ भी पाना है तो आपको थोड़ा तो जिद्दी बनना पड़ेगा। यह कहानी भी ऐसे ही एक जिद्दी लड़के की है, जिसका नाम था विराट। विराट पिछले कई साल से अपने शहर में होने वाली मैराथन में हिस्सा लेता था, लेकिन कभी रेस पूरी नहीं कर पाता था।

इस बार वह बहुत उत्साहित था, क्योंकि वह पिछले कई महीनों से रोज इस रेस की तैयारी कर रहा था। उसे अपने आप पूरा पर भरोसा था कि वह इस साल की मैराथन रेस जरूर पूरी कर लेगा। देखते ही देखते मैराथन का वो दिन भी आ गया और सभी लोग एक जगह एकत्रित हुए और जैसे ही रेस शुरू हुई बाकी लड़को की तरह विराट ने भी दौड़ना शुरू किया। वह जोश और हिम्मत से भरा हुआ था, और बड़े अच्छे ढंग से दौड़ रहा था। लेकिन आधी रेस पूरी करने के बाद विराट बिलकुल थक गया और उसके मन में आया कि बस अब वहीं बैठ जाए। वह ऐसा सोच ही रहा था कि तभी उसने खुद को कहा। रुको मत विराट! आगे बढ़ते रहो, अगर तुम दौड़ नहीं सकते तो कम से कम जॉगिंग करते हुए तो आगे बढ़ सकते हो। तो बस आगे बढ़ो। रुको मत विराट। अगर तुम जॉगिंग नहीं कर सकते तो क्या, कम से कम चल तो सकते हो तो बस चलते रहो। विराट अब जॉगिंग करने की बजाय धीरे-धीरे लक्ष्य की ओर बढ़ने लगा।

कई सारे लड़के विराट से आगे निकल चुके थे। चलते-चलते विराट को फिनिशिंग पॉइंट दिखने लगा, लेकिन तभी वह अचानक से लड़खड़ा कर गिर पड़ा। उसके दायें पैर की नसें खिंच गई थीं। जमीन पर पड़े-पड़े विराट के मन में खयाल आया, की अब मैं आगे नहीं बढ़ सकता, लेकिन अगले पल ही वो जोर से चिल्लाया। आज चाहे कुछ भी हो जाए, मैं ये रेस पूरी करके रहूँगा। विराट ने साहस दिखाया और एक बार फिर दर्द सहते हुए आगे बढ़ने लगा, और इस बार वह तब तक बढ़ता रहा जब तक उसने फिनिशिंग लाइन पार नहीं कर ली। और फिनिशिंग लाइन पार करते ही वह जमीन पर लेट गया उसके आंखों से आंसू निकलने लगे। विराट ने रेस पूरी कर ली थी, उसके चेहरे पर इतनी खुशी और मन में इतनी संतुष्टि कभी नहीं आई थी आज विराट ने अपनी जिद के कारण न सिर्फ एक रेस पूरी की थी बल्कि जिंदगी की बाकी रेसों के लिए भी खुद को तैयार कर लिया था।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# पुणे में पब द्वारा न्यू ईयर पार्टी निमंत्रण के साथ आपत्तिजनक सामान भेजने पर विवाद

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/पुणे**

पुणे में एक पब द्वारा न्यू ईयर पार्टी के निमंत्रण के साथ कंडोम और ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) भेजने से विवाद पैदा हो गया है। निमंत्रण में ये आपत्तिजनक सामान भेजने के बाद इसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिसके बाद पुलिस ने निमंत्रण प्राप्त करने वालों के बयान दर्ज किए हैं।






### कांग्रेस ने की कार्रवाई की मांग

महाराष्ट्र प्रदेश युवा कांग्रेस ने इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए पुणे के पुलिस आयुक्त के सामने शिकायत दर्ज कराई है। युवा कांग्रेस के सदस्य अक्षय जैन ने कहा, हम पब और नाइटलाइफ के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन युवाओं को आकर्षित करने के लिए इस तरह की विपणन रणनीति पुणे शहर की परंपराओं के खिलाफ है। उन्होंने पुलिस से पब प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की।

### पुलिस ने दर्ज किए बयान

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पुष्टि की कि रविवार को उन्हें इस घटना के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा, हमने पार्टी में शामिल होने के लिए निमंत्रित लोगों के बयान दर्ज किए हैं और मामले की जांच जारी है। यह घटना पुणे में एक नई बहस का कारण बन गई है, जहां इस तरह के विपणन तरीकों को लेकर नाराजगी व्यक्त की जा रही है।

# अकोला में BJP ने 11 पदाधिकारियों को किया निलंबित

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/अकोला**

महाराष्ट्र के अकोला जिले में भारतीय जनता पार्टी (भा.ज.पा.) ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 11 पदाधिकारियों को छह साल के लिए निलंबित कर दिया है। इनमें एक जिला परिषद सदस्य भी शामिल है। पार्टी के एक स्थानीय नेता के मुताबिक, नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान महायुति (भा.ज.पा., शिवसेना और राकांपा का गठबंधन) में बगावत की घटनाएं सामने आई थीं, जिसके बाद पार्टी ने यह कड़ी कार्रवाई की है।



### निलंबन की वजह और पार्टी की प्रतिक्रिया

भा.ज.पा. के जिला अध्यक्ष किशोर मांटे पाटिल ने बताया कि इस मामले की जानकारी राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले को दी गई है। उन्होंने कहा कि यह कदम पार्टी की आंतरिक अनुशासन के लिए लिया गया है और उन नेताओं के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है जिन्होंने पार्टी के खिलाफ गतिविधियों में भाग लिया।

### नवंबर विधानसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव हुए थे, जिनके परिणाम 23 नवंबर को घोषित किए गए थे। अकोला जिले में भाजपा ने अकोला पूर्व सीट पर जीत हासिल की, जबकि अकोला पश्चिम सीट पर उसे कांग्रेस से हार का सामना करना पड़ा।

# विशेष ट्रेनों के अवधि का विस्तार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

रेलवे यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए दौंड-सोलापुर और पुणे-हरंगुल के बीच विशेष ट्रेन की अवधि में विस्तार करेगा, जैसा कि नीचे बताया गया है:



**1. पुणे-हरंगुल-पुणे दैनिक विशेष (180 ट्रिप)**

01487 पुणे-हरंगुल दैनिक विशेष जिसे 31.12.2024 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, उसे अब 01.01.2025 से 31.03.2025 तक (90 ट्रिप) बढ़ाया गया है।

01488 हरंगुल-पुणे दैनिक विशेष जिसे 31.12.2024 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, उसे अब 01.01.2025 से 31.03.2025 तक (90 ट्रिप) बढ़ाया गया है।

**2. पुणे-कोल्हापुर-पुणे दैनिक स्पेशल (180 ट्रिप)**

01023 पुणे-कोल्हापुर दैनिक स्पेशल, जिसे 31.12.2024 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब 01.01.2025 से 31.03.2025 तक (90 ट्रिप) बढ़ा दी गई है।

01024 कोल्हापुर-पुणे दैनिक स्पेशल, जिसे 31.12.2024 तक चलाने के लिए अधिसूचित किया गया था, अब 01.01.2025 से 31.03.2025 तक (90 ट्रिप) बढ़ा दी गई है।

**3.सोलापुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक स्पेशल (25 ट्रिप)**

01435 सोलापुर-एलटीटी (मुंबई) साप्ताहिक स्पेशल, जो 31.12.2024 तक प्रत्येक मंगलवार को चलने के लिए अधिसूचित थी, अब 07.01.2025 से 25.03.2025 (12 ट्रिप) बढ़ा दी गई है।

01436 एलटीटी-सोलापुर साप्ताहिक स्पेशल, जो 01.01.2025 तक प्रत्येक बुधवार को चलने के लिए अधिसूचित थी, अब 01.01.2025 से 26.03.2025 (13 ट्रिप) बढ़ा दी गई है।

**4. दौंड-सोलापुर-दौंड दैनिक डेमू अनारक्षित स्पेशल (180 ट्रिप)**

01462 दौंड-सोलापुर दैनिक स्पेशल, जो 31.12.2024 तक चलने के लिए अधिसूचित है, अब 01.01.2025 से 31.03.2025 तक (90 ट्रिप) बढ़ा दी गई है।

01461 सोलापुर-दौंड दैनिक स्पेशल, जो 31.12.2024 तक चलने के लिए अधिसूचित है, अब 01.01.2025 से 31.03.2025 तक (90 ट्रिप) बढ़ा दी गई है।

चलने के दिन, समय, संरचना और ठहराव में कोई बदलाव नहीं होगा।

आरक्षण: विशेष ट्रेन 01487/01488, 01435/01436 और 01023/01024 की विस्तारित यात्राओं के लिए विशेष शुल्क पर बुकिंग दिनांक 31.12.2024 से सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट www.irctc.co.in पर शुरू होगी।

# संतोष देशमुख हत्याकांड में आया नया मोड़

## CID के डर से अंडरग्राउंड हुआ वाल्मीकि कराड

**डीबीडी संवाददाता | बीड**

बीड में सरपंच हत्याकांड में नए-नए मोड़ सामने आते जा रहे है और ये हत्याकांड बड़ा बनता जा रहा है। इस घटना से संबंधित हत्याकांड का मुख्य आरोपी वाल्मीकि कराड अभी तक फरार है और बीड पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई है। पुलिस लगातार उसके फोन की लोकेशन ट्रेस करने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने बताया कि अब तक की जांच में सामने आया है कि वाल्मीकि कराड का आखिरी लोकेशन मध्यप्रदेश के उज्जैन में मिला है। फोन बंद होने से पहले वाल्मीकि कराड का फोन उज्जैन में एक्टिव था। इतना ही नहीं उसने सोशल मीडिया पर फोटो भी अपलोड की थी, जिसमें उसके साथ उसके साथ सुरक्षाकर्मी पुलिस भी मौजूद थी।





### बीड पुलिस पर उठे सवाल

संतोष देशमुख सरपंच हत्याकांड की जांच जब से सीआईडी को सौंपी गई तब से मुख्य आरोपी वाल्मीकि कराड अंडरग्राउंड हो गया है। सीआईडी भी लगातार उसकी तलाश कर रही है। 29 दिसंबर को उसकी गिरफ्तारी की खबर पुणे से सामने आई थी लेकिन सीआईडी और पुणे पुलिस ने ऐसी किसी भी गिरफ्तारी की खबर को खारिज कर दिया है और कहा है कि ऐसी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपी की तलाश में सीआईडी कई जगह-जगह छापेमारी कर उसकी तलाश कर रही है। वहीं, सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीर को देखने के बाद बीड पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठाए जा रहे है।

### धनंजय मुंडे पर लगा आरोप

महाराष्ट्र के विपक्ष दल का आरोप है कि धनंजय मुंडे के लोग बीड सरपंच हत्याकांड में शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर ओबीसी फेडरेशन के नेता बबनराव तायवाडे का कहना है कि इस मामले में धनंजय मुंडे को निशाना बनाया जा रहा है जो कि ठीक नहीं है। उन्हें निशाना बनाया गया तो विरोध प्रदर्शन होगा। तायवाडे ने यह भी कहा कि अगर धनंजय मुंडे दोषी साबित होते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई हो, लेकिन अब तक की जांच में कही भी धनंजय मुंडे का नाम सामने नहीं आया है। ऐसे में उनके खिलाफ इतना गुस्सा क्यों है? ओबीसी फेडरेशन के नेता का आरोप है कि धनंजय मुंडे को जबरदस्ती बदनाम करने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड निंदनीय है, लेकिन धनंजय मुंडे इस हत्याकांड के दोषी नहीं हैं।

# म्हाडा अधिकारियों और कर्मचारियों की हड़ताल ख़त्म

**दीपक पवार | मुंबई**




पिछले सप्ताह म्हाडा मुख्यालय में एक महिला कर्मचारी के साथ हुई दुर्व्यवहार की घटना के विरोध में, म्हाडा संगठनों ने मुंबई और राज्य के विभिन्न हाउसिंग बोर्ड में कलमबंद हड़ताल का आह्वान किया था। सोमवार को, म्हाडा उपाध्यक्ष संजीव जयसवाल ने कर्मचारियों से अपील की कि वे हड़ताल को समाप्त करें और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाएं।

### काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन

म्हाडा के अधिकारी और कर्मचारी महिला के साथ हुई दुर्व्यवहार की घटना के खिलाफ एकजुट हो गए थे। महाराष्ट्र हाउसिंग एम्प्लॉइज एसोसिएशन, म्हाडा पिछड़ा वर्ग कर्मचारी संघ, और म्हाडा के ग्रेजुएट इंजीनियर्स एसोसिएशन ने विरोध स्वरूप कलमबंद हड़ताल शुरू की थी। इस दौरान, सैकड़ों कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि इस तरह की घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### उपाध्यक्ष की अपील पर हड़ताल का समापन

उपाध्यक्ष संजीव जयसवाल ने कर्मचारियों से कहा कि म्हाडा एक जन-उन्मुख संस्था है, और हमारी प्राथमिकता नागरिकों की सेवा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं के बावजूद हम अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकते हैं। साथ ही, उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था में सुधार किया जाएगा और कर्मचारियों और नागरिकों के बीच आपसी सम्मान को बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जाएगी। जयसवाल ने यह भी बताया कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कार्यालयों में अधिक सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी और किसी भी प्रकार के अव्यवहार पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पीआरएस सिस्टम पुनः क्रमांकन के लिए रहेगी बंद

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई पीआरएस यात्री आरक्षण प्रणाली में ट्रेन नंबरों के पुनः क्रमांकन (रिनंबरिंग) के लिए दिनांक 31.12.2024 के 23.45 बजे से 01.01.2025 के 01.15 बजे तक बंद रहेगी।

बंद होने के कारण, पीआरएस, कोचिंग रिफंड, चार्टिंग गतिविधियाँ, ट्रेन फायरिंग और अन्य सेवाएँ जैसे आईवीआरएस, करंट रिजर्वेशन, चार्ट डिस्प्ले, टच स्क्रीन, रिफंड काउंटर और कोचिंग रिफंड टर्मिनल आदि उपलब्ध नहीं होंगी। हालाँकि, मौजूदा रिफंड नियमों के अनुसार रिफंड के लिए टीडीआर जारी किया जाएगा।



उपर्युक्त अवधि के दौरान मुंबई पीआरएस ट्रेनों के लिए इंटरनेट बुकिंग उपलब्ध नहीं होगी।

यात्रियों/रेल उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे इस महत्वपूर्ण रखरखाव कार्य के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

# नए साल में पैसेंजर्स को मिली गुड न्यूज!

## वेस्टर्न रेलवे ने किया 8 स्पेशल लोकल का ऐलान

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



नए साल के मौके पर पैसेंजर्स की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने स्पेशल लोकल ट्रेनों को चलाने का ऐलान किया है. पश्चिम रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए नववर्ष की पूर्व संध्या (31.12.2024 / 01.01.2025 मध्यरात्रि) पर निम्नानुसार 8 स्पेशल उपनगरीय सेवाएं चलाएगी।

### डाउन दिशा:

स्पेशल 1 ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 01.15 बजे चर्चगेट से रवाना होगी और 02.55 बजे विरार पहुंचेगी. स्पेशल 3 ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 02.00 बजे चर्चगेट से रवाना होगी और 03.40 बजे विरार पहुंचेगी. स्पेशल 5 ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 02.30 बजे चर्चगेट से रवाना होगी और 04.10 बजे विरार पहुंचेगी. स्पेशल 7 ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 03.25 बजे चर्चगेट से रवाना होगी और 05.05 बजे विरार पहुंचेगी.

### अप दिशा:

स्पेशल 2 ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 00.15 बजे विरार से रवाना होगी और 01.52 बजे चर्चगेट पहुंचेगी. स्पेशल 4 ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 00.45 बजे विरार से रवाना होगी और 02.22 बजे चर्चगेट पहुंचेगी. स्पेशल 6 ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 01.40 बजे विरार से रवाना होगी और 03.17 बजे चर्चगेट पहुंचेगी. स्पेशल 8 ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 03.05 बजे विरार से रवाना होगी और 04.41 बजे चर्चगेट पहुंचेगी.

# अडानी ने डीआरपीपीएल का नाम बदलकर एनएमडीपीएल किया

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

अडानी समूह ने हाल ही में धारावी पुनर्विकास परियोजना से जुड़ी 'धारावी पुनर्विकास कंपनी प्राइवेट लिमिटेड' (DRPPL) का नाम बदलकर 'नवभारत मेगा डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड' (NMMDPL) कर दिया है, जिससे धारावी के निवासियों के बीच चिंता और असमंजस की स्थिति बन गई है। धारावी बचाव आंदोलन और शेतकारी लेबर पार्टी ने इस कदम को लेकर आपत्ति जताई है और दावा किया है कि इस बदलाव से धारावी के निवासियों का पता बदल जाएगा और यह स्थान 'मिथागरा' या 'गारबेज डंप' के रूप में बदलेगा।

### धारावी पुनर्विकास परियोजना का संदर्भ



धारावी पुनर्विकास परियोजना, जो महाराष्ट्र सरकार और अडानी समूह के संयुक्त सहयोग से चल रही है, में अडानी का 80% और राज्य सरकार का 20% हिस्सा है। 12 दिसंबर को डीआरपीपीएल के निदेशक मंडल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की थी, जिसमें कंपनी के नाम को बदलने का फैसला लिया गया। 17 दिसंबर से इसे 'नवभारत मेगा डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से जाना जाएगा, जो अडानी की पुरानी कंपनी है, जिसे 23 अगस्त 2023 को स्थापित किया गया था। धारावी बचाव आंदोलन के संयोजक, शेतकारी कामगार पक्ष के नेता एड. राजेंद्र कोर्डे ने इस नाम परिवर्तन को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अडानी ने धारावी पुनर्विकास परियोजना के भूमि पूजन से लेकर कंपनी के नाम बदलने तक कई कदम गुपचुप तरीके से उठाए हैं। कोर्डे ने इसे एक चोरी के मामले के रूप में बताया और आरोप लगाया कि इस बदलाव के कारण धारावी के लोग अब अपने घरों से बेदखल हो सकते हैं।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** — व्यापारिक यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा।

**वृष** — आज घरेलू विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा।

**मिथुन** — यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। लाभ में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**कर्क** — किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी। आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी।

**सिंह** — धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**कन्या** — धन लेन-देन में जल्दबाजी न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक विवाद को बढ़ावा न दें। चोट व दुर्घटना के प्रति सावधानी आवश्यक है। बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**तुला** — कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। शत्रु पस्त होंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**धनु** — कानूनी अड़चन सामने आएगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। बेचैनी रहेगी। व्यर्थ दौड़धूप रहेगी। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा।

**मकर** — व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक होगी।

**कुंभ** — लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा।

**मीन** — भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंग। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।


# मुक़ादमो से छुटकारा कब तक मिल सकता है ?




अब कुछ उदहारणों से समझते है:-

**अनुसार1 मिथुन लग्न:-**

मिथुन में जैसे यहाँ छठे घर का स्वामी मंगल बनेगा, साथ ही यहाँ मुकादमा प्रॉपर्टी जैसे मकान, दुकान,जमीन आदि से संबंधित हो मतलब कुंडली के चौथे भाव, तब मिथुन लग्न में चौथे घर का स्वामी लग्नेश खुद बुध बनता है, अब यहाँ मंगल और बुध की स्थिति अच्छी हो जैसे, मंगल उदाहरण अनुसार 11वे घर मे अपनी मेष राशि मे बैठेगा तब लाभ स्थान में अपनी मेष राशि मे होने से मुक़ादमे में सफलता के लिए अच्छा है ,अस्त और बहुत ज्यादा पीड़ित या अशुभ योग में न हो, अब साथ ही चौथे घर का स्वामी बुध भी बलवान होकर बैठा हो साथ ही चौथे घर पर गुरु की दृष्टि भी पड़ जाए तब ऐसा जातक या जातिका प्रॉपर्टी का मुक़ादमा जीत जायेगे क्योंकि चौथा और छठा भाव दोनों ही अच्छी स्थिति में है।



प्रियंका जैन
9769994439

**अनुसार2 तुला लग्न:-,**

जैसे यहाँ मुकदमे के घर(छठे घर)का स्वामी बृहस्पति बनेगा अब बृहस्पति की स्थिति बलवान होनी चाहिए और बृहस्पति पीड़ित और अस्त,अशुभ आदि न हो जैसे बृहस्पति, तीसरे घर मे अपनी धनु राशि मे बैठा हो तब मुक़ादमे में सफलता तो दिलाएगा, साथ ही मुक़ादमा हो यहाँ जैसे तलाक का तब यहाँ सातवे घर का स्वामी मंगल बनेगा तब ऐसी स्थिति में मंगल भी बलवान होना चाहिए जैसे, तुला लग्न में मंगल वर्गोत्तम हो, शुभ ग्रह की दृष्टि में बैठे, उच्च आदि हो तब तलाक का मुक़ादमा ऐसे जातक और जातिका के अंततः पक्ष में रहेगा जीत मिलेगी। अब बात करते है मुकादमा कराते कौन ग्रह है और कब तक सफलता मुक़ादमे में मिलेगी? मुकादमा मुख्य रूप से जो ग्रह कराते है उसमें मुख्य रूप से है अशुभ राहु, शनि और मंगल जब यह अशुभ होकर किसी भाव को प्रभावित करते है तब उससे संबंधित फल के लिए मुकदमे में जातक को आगे करके, मुक़ादमो में उलझाए रखते है साथ ही कुंडली का छठा और आठवां भाव भी मुकदमे में उलझते है, अब इस बात को भी उदाहरणो से समझते है और कब तक सफलता मिलेगी या कब तक मुकदमे से छुटकारा मिलेगा इस बात को भी , मुकदमे से छुटकारा तब ही जल्दी मिल जाता है जब जिस भी विषय से संबंधित मुक़ादमा किया गया है उस विषय/फल से संबंधित कुंडली का भाव ज्यादा अशुभ स्थिति में न हो साथ ही महादशा और अंतरदशा बलवान हो साथ ही छठा घर भी बलवान होना जरूरी है, उदाहरण से समझते है:-

क्रमशः

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



खबर संक्षेप

### साल की अंतिम अमावस्या पर गंगा घाटों पर उमड़ी भीड़



**वाराणसी।** वर्ष की अंतिम अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान करके पितरों को नमन किया। सोमवती अमावस्या पर स्नान, दान और पूजा पाठ के साथ ही पितरों के तर्पण का विधान है। ऐसे में सोमवार को सूर्योदय के साथ ही स्नान और तर्पण का सिलसिला भी आरंभ हो गया। इसके लिए मध्य रात्रि से ही गंगा के तट पर श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। सोमवती अमावस्या की शुरुआत सुबह 4:01 बजे से हुई, जिसका समापन 31 दिसंबर को सुबह 5:36 बजे होगा। उदया तिथि के अनुसार अमावस्या का स्नान, दान और अनुष्ठान सोमवार को किया गया।

### संभल जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी बनाने पर भड़के ओवैसी



**संभल।** एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने बीजेपी पर एक बार फिर हमला बोला है। संभल में जामा मस्जिद के सामने पुलिस चौकी बनाने को लेकर ओवैसी यूपी सरकार पर हमलावर हैं। ओवैसी ने कहा है कि बीजेपी सरकार मुस्लिमों के साथ भेदभाव पूर्ण बर्ताव कर रही है। ओवैसी ने एक स्टडी रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि जिन इलाकों पर मुसलमानों की संख्या अधिक है वहां सरकार सार्वजनिक सेवाएं देने में विफल रही है। ओवैसी ने यह भी कहा कि जब बीजेपी सरकार मस्जिद के सामने पुलिस चौकी बनवा सकती है तो स्कूल-कॉलेज या अस्पताल क्यों नहीं खोल सकती। एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि अध्ययन में जो कहा गया है उसके मुताबिक जिन इलाकों में मुस्लिमों की संख्या अधिक है वहां सरकार सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने में विफल रही है। वहीं स्कूल, कॉलेज या अस्पतालों की संख्या काफी कम है। ओवैसी ने कहा कि डार्टमाउथ कॉलेज, एमआईटी के पॉल लोवोसाड की ओर से किये गए अध्ययन में बताया गया है कि सरकार ने सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने में कितना भेदभाव दिखाया है।

# बीपीएससी पुनर्परीक्षा की मांग को लेकर छात्र संगठनों का चक्का जाम

### लाठी चार्ज के विरोध में कर रहे हैं प्रदर्शन

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) पीटी पुनर्परीक्षा की मांग कर रहे आंदोलित छात्रों पर पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में सोमवार को छात्र संगठनों का मिलाजुला असर देखा गया। आरा, दरभंगा, सीवान, अरवल सहित विभिन्न जिलों में आइसा और इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। इधर, पटना में जीपीओ गोलंबर से छात्रों - युवाओं ने मार्च निकला, जो डाक बंगला चौराहा तक पहुंचा और फिर चौराहे पर सड़क जाम किया गया।




### मुख्य सचिव से मिला छात्रों का डेलिगेशन

रविवार को पटना में हुए छात्र संसद के बाद सोमवार को बीपीएससी के अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद बाहर आए छात्रों ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुलाकात के दौरान किसी भी तरह का फैसला नहीं हो पाया है। हमारी मांग री-एग्जाम है। री-एग्जाम से कम हमे कुछ भी मंजूर नहीं है। हमारी मांगों के पूरा होने तक हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

### दरभंगा में रोकी गई संपर्क क्रांति एक्सप्रेस

प्रदेश में चक्का जाम का मिला जुला असर देखा गया। दरभंगा में संपर्क क्रांति का परिचालन बाधित किया गया तथा रेलवे ट्रैक पर उतरकर प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारे लगाए और पीटी परीक्षा फिर से आयोजित करने की मांग की। आरा में अगिआंव विधायक शिव प्रकाश रंजन के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने पटना-बक्सर पैसेंजर को रोक दिया। इसके कारण पटना-आरा रेलखंड पर ट्रेन परिचालन कुछ समय के लिए बाधित रहा।

### कई जगहों पर हुआ चक्का जाम

अरवल में प्रदर्शनकारियों ने पटना-औरंगाबाद रोड को भगत सिंह चौक पर जाम किया, इससे बड़े वाहनों का परिचालन रुक गया है। समस्तीपुर में बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज के खिलाफ आइसा-आरवाईए सहित कई संगठनों से जुड़े छात्र-युवाओं ने समस्तीपुर ओवरब्रिज चौराहा जाम किया।

### पटना में भी सड़कों पर उतरे अभ्यर्थी

इधर, पटना के डाक बंगला चौराहे पर आइसा के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर बैठकर छात्रों पर लाठीचार्ज का विरोध किया। आइसा की राज्य अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने कहा कि पूरे बिहार में चक्का जाम है। उन्होंने कहा कि गर्दनीबाग में 12 दिनों से न्याय पसंद अभ्यर्थी अनशन पर बैठे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांग सुनने के लिए तैयार नहीं है।

# कड़ाके की ठंड का असर

### परिषदीय स्कूलों में 15 दिन का शीतकालीन अवकाश

एजेंसी । बदायूं

बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में मंगलवार से 15 दिन का शीतकालीन अवकाश शुरू हो जाएगा। बदायूं जिले में 28 दिसंबर को अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं खत्म हो गईं, जिसका परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। शिक्षकों की ओर से छात्र-छात्राओं को 15 दिन का गृहकार्य भी दिया गया है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से स्कूलों में 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया है। सोमवार को परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई होने के साथ अर्द्ध वार्षिक परीक्षाओं का परिणाम घोषित किया गया। इसके बाद स्कूल बंद होने के साथ ही 15 दिन का



शीतकालीन अवकाश शुरू हो गया। शीतकालीन अवकाश के दौरान बच्चे घर पर पढ़ाई कर सकें, इसके लिए बहुत से शिक्षकों की ओर से उन्हें 15 दिन का गृहकार्य भी दिया गया है। शीतकालीन अवकाश के बाद सभी स्कूल 15 जनवरी को निर्धारित समय पर खुलेंगे। शीतकालीन अवकाश शुरू होने को लेकर परिषदीय स्कूलों के बच्चे काफी उत्साहित हैं।

### दिनभर छाया रहा कोहरा

जिले में सोमवार को दिनभर कोहरा छाया रहा। सूर्य के दर्शन नहीं हुए। सर्द हवा चलने से ठिठुरन बढ़ गई है। शहर में लोग जहां-तहां अलाव तापते नजर आए। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के मुताबिक अगले दो दिनों तक घना कोहरा छाएगा। सर्द हवा चलने से तापमान में भी गिरावट हो सकती है।

# कटिहार में युवक की गोली मारकर हत्या



**कटिहार।** कटिहार जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।थाना क्षेत्र के पवई पंचायत अंतर्गत धोबी घाट के पास की ये घटना है। मृतक की पहचान कोढ़ा थाना क्षेत्र के पवइ पंचायत के वार्ड संख्या 13 ग्राम निवासी अखिलेश यादव उर्फ घोलू कुमार (उम्र 35 वर्ष ) के रूप में हुई है। हत्या की वजह अभी सामने नहीं आयी है। पुलिस की छानबीन जारी है। वहीं आपसी रंजिश में हत्या की चर्चा भी हो रही है।

मृतक के परिजनों को जब शव बरामद होने की जानकारी मिली तो वो भी घटनास्थल पर पहुंच गए और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही कोढ़ा थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार मंडल दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और जांच शुरू की। वरीय पदाधिकारी को घटना की जानकारी दी गयी।

# जमीन सर्वे की फिर बढ़ाई गई समय सीमा

### अब आधार से लिंक होगी जमाबंदी

**पटना।** बिना जानकारी और बिना तैयारी के जमीन सर्वे अब बिहार सरकार के लिए गले की फांस बन गई है। सरकार जमीन सर्वे के लिए एक के बाद एक नई समय सीमा निर्धारित कर रही है। सरकार ने एक बार फिर से जमीन सर्वे की अवधि में विस्तार कर दिया है। इसकी समय सीमा को बढ़ा कर जुलाई 2026 कर दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने बिहार में जमीन सर्वे के लिए नया लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। साथ ही जनवरी से जमाबंदी का आधार लिंक किया जायेगा। इससे बेनामी जमीन पर लगाम कसा जा सकेगा।



### खुद के जाल में फंसी सरकार

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में जमीन सर्वे कराने का एलान कर सरकार खुद अपने ही जाल में फंस गई है। जमीन सर्वे को लेकर लोगों में बढ़ती नाराजगी को देखते हुए सरकार लगातार बैकफुट पर है। बिहार की डबल इंजन सरकार किसी भी हाल में चुनाव के बीच कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं है। यही वजह है कि जमीन सर्वे के लिए तय समय सीमा को लगातार बढ़ाया जा रहा है। अब एक बार फिर से जमीन सर्वे के लिए तय समय सीमा को बढ़ा दिया गया है।

### भ्रष्टाचार के आरोप में 400 से अधिक कर्मी नपे

बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने विभाग की उपलब्धियां को गिनाते हुए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1400 राजस्व पदाधिकारी में 458 से अधिक पदाधिकारी पर कार्रवाई हुई है। कही भी जांच के लिए ऑनलाइन इंतजाम है। 4 पदाधिकारियों की टीम मुख्यालय में शिकायत देखने के लिए बैठाए गए हैं। लैंड सर्वे के लिए किसी को आने के आने की जरूरत नहीं है, जो जहां हैं वही से ऑन लाइन कर सकते हैं।



# बदलेगी टीचर्स ट्रांसफर पॉलिसी: शिक्षा मंत्री

### 10 हजार शिक्षकों की होगी बहाली

**जमशेदपुर।** झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि झारखंड के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के ट्रांसफर संबंधित नियमों में बदलाव होगा। इसके लिए विभाग की ओर से तैयारी की जा रही है। जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। इसके बाद शिक्षकों की गृह जिले में स्थानांतरण की प्रक्रिया सरल हो जायेगी। उन्होंने रविवार को प्रभात खबर से बातचीत में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण से संबंधित नियमों की समीक्षा की जा रही है। कई शिक्षकों ने शिकायत की है कि वर्तमान नियमों की वजह से शिक्षकों का स्थानांतरण नहीं हो पा रहा है, ना ही म्यूचुअल ट्रांसफर ही हो पा रहा है, जिससे समस्या हो रही है। इसे देखते हुए यह संशोधन किया जा रहा है।

### 2022 में स्थानांतरण नियमों में किया गया था बदलाव

वर्ष 2022 में स्थानांतरण नियमों में बदलाव किया गया था। इसके बाद शिक्षकों के गृह जिले में स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू हुई थी। अंतर जिला स्थानांतरण के दौरान कुछ प्रावधानों में बदलाव की जरूरत महसूस की गयी, जिस पर अब काम किया जा रहा है। वर्तमान के नियमों के अनुसार, अंतर जिला




स्थानांतरण में शिक्षक की उम्र, जोन में तैनाती और प्राथमिकता के आधार पर अंक तय किये गये हैं। इसके अलावा, अगर शिक्षक किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, तो स्थानांतरण का प्रावधान है। महिला शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए पहले से तय प्राथमिकताओं में भी बदलाव किया जाएगा।




# अडाणी विल्मर जॉइंट-वेंचर से एग्जिट करेगी अडाणी एंटरप्राइजेज

### विल्मर में अपनी पूरी 44% हिस्सेदारी बेच रही कंपनी

**मुंबई।** अडाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (AEL) ने FMCG कंपनी अडाणी विल्मर जॉइंट वेंचर से एग्जिट यानी अलग होने का ऐलान किया है। अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी विल्मर जॉइंट वेंचर में अपनी पूरी 44% हिस्सेदारी बेच रही है। अडाणी एंटरप्राइजेज ने 30 दिसंबर को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि अडाणी एंटरप्राइजेज मिनिमम पब्लिक शेयरहोल्डिंग रिक्वायरमेंट्स के कंप्लायंस यानी अनुपालन के लिए अडाणी विल्मर में लगभग 13% शेयर बेचेगी। इसके अलावा अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी कमोडिटीज एलएलपी (ACL) और लेंस प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक एग्रीमेंट हुआ है।



### हिस्सेदारी बिक्री से एंटरप्राइजेज को 17,101 करोड़ मिलेंगे

अडाणी विल्मर में अडाणी एंटरप्राइजेज की हिस्सेदारी बिक्री के माध्यम से लगभग 2 बिलियन डॉलर यानी 17,101 करोड़ रुपए फंड रेज किया जाएगा। इस फंड का इस्तेमाल अडाणी ग्रुप अपने 'कोर इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म्स' में करेगा।

### विल्मर में ग्रुप की टोटल 44% हिस्सेदारी की बिक्री की जाएगी

ACL, अडाणी एंटरप्राइजेज की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। वहीं लेंस, विल्मर इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सब्सिडियरी कंपनी है। इस तरह दो फेज में अडाणी विल्मर में अडाणी ग्रुप की ओर से टोटल 44% हिस्सेदारी की बिक्री की जाएगी। इसके बाद अडाणी एंटरप्राइजेज, अडाणी विल्मर से पूरी तरह से एग्जिट कर जाएगी। वहीं विल्मर इंटरनेशनल के पास अडाणी विल्मर में अडाणी एंटरप्राइजेज की 31% हिस्सेदारी आ जाएगी।

# शेयर बाजार में भारी गिरावट

दोपहर संवाददाता । मुंबई

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को सप्ताह के पहले ही दिन बिकवाली के दबाव में आ गया। दिन की शुरुआत मामूली कमजोरी के साथ हुई थी, लेकिन दूसरे सत्र में तेज बिकवाली के कारण सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में बंद हुए। सेंसेक्स आज ऊपरी स्तर से 1,015 अंक गिरकर 78,248.13 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी भी 316 अंक टूटकर 23,644.90 के स्तर पर पहुंच गया। बाजार की इस गिरावट से निवेशकों को एक दिन में 81 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### दिनभर का बाजार प्रदर्शन



सेंसेक्स ने 61.49 अंक की कमजोरी के साथ 78,637.58 पर कारोबार की शुरुआत की। दिन के पहले सत्र में थोड़ी मजबूती दिखाते हुए यह 79,092.70 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि, बिकवाली के दबाव के कारण यह तेजी बरकरार नहीं रह सकी और सूचकांक 621.94 अंक टूटकर 78,077.13 तक गिर गया।

आखिरी सत्र में मामूली रिकवरी के बाद यह 450.94 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। निफ्टी ने भी दिन के कारोबार की शुरुआत 23,796.90 पर की। दिन में 23,915.35 के उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद बिकवाली के कारण यह 23,599.30 तक गिर गया। कारोबार के अंत में निफ्टी 168.50 अंक की कमजोरी के साथ 23,644.90 पर बंद हुआ।

### निवेशकों को 81 हजार करोड़ का नुकसान

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप आज के कारोबार के बाद घटकर 441.50 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो पिछले सप्ताह के अंत में 442.31 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को एक दिन में 81 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

### व्यापारिक गतिविधि

आज बीएसई में कुल 4,267 शेयरों में ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,489 शेयर बढ़त के साथ, जबकि 2,633 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। एनएसई में 2,554 शेयरों में से 761 हरे निशान में और 1,793 लाल निशान में बंद हुए।

# सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स का शेयर 53.45% ऊपर 600 पर लिस्ट

एजेंसी । नई दिल्ली

सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड का शेयर आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर इश्यू प्राइस से 53.45% ऊपर 600 पर लिस्ट हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर शेयर इश्यू प्राइस से 52% ऊपर 593.70 पर लिस्ट हुआ। सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स के IPO का इश्यू प्राइस 391 था।

वहीं, वेन्टिव हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड का शेयर BSE पर इश्यू प्राइस से 11.7% ऊपर 718.15 पर लिस्ट हुआ। इसके साथ ही NSE पर यह शेयर इश्यू प्राइस से 11.3% ऊपर 716 पर लिस्ट हुआ। वेन्टिव हॉस्पिटैलिटी के IPO का इश्यू प्राइस 643 था। जबकि, कैरारो इंडिया लिमिटेड का शेयर NSE पर ऊपरी इश्यू प्राइस से 7.53% नीचे 651 पर लिस्ट हुआ। इसके साथ ही BSE पर यह शेयर ऊपरी इश्यू प्राइस से 6.25% नीचे 660 पर लिस्ट हुआ। कैरारो इंडिया के IPO का इश्यू प्राइस 704 था। आइए अब इन तीनों कंपनियों के इश्यू साइज, बिडिंग डेट्स सहित अन्य बातों के बारे में जानते हैं।




### 1. 582.11 करोड़ का था सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स का इश्यू

सेनोरेस फार्मास्यूटिकल्स का यह IPO टोटल 582.11 करोड़ का था। इसके लिए कंपनी 500 करोड़ के 1,27,87,723 फ्रेश शेयर इश्यू किए। कंपनी के मौजूदा निवेशक ऑफर फॉर सेल यानी OFS के जरिए 82.11 करोड़ के 21,00,000 शेयर बेचे।

# सीतारमण ने स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ बजट-पूर्व छठी बैठक की

### केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों पर फोकस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को राजधानी दिल्ली में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों के साथ बजट-पूर्व छठी परामर्श बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों के तहत इन क्षेत्रों से जुड़े सुझाव प्राप्त करना था।



बैठक में स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने केंद्रीय बजट में अपनी प्राथमिकताओं और चिंताओं को रेखांकित किया।

### बैठक की प्रमुख बातें

सीतारमण ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र देश के समग्र विकास के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने इन क्षेत्रों के विशेषज्ञों के सुझावों को प्राथमिकता के साथ बजट में शामिल करने का भरोसा दिलाया। बैठक में वित्त सचिव, निवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, और स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। साथ ही, देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भी अपनी विशेषज्ञता साझा की।

## मेलबर्न टेस्ट

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन से हराया

## विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भारतीय टीम की राह हुई मुश्किल

**एजेंसी । मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को यहां बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में 184 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। पांचवें दिन 340 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम मात्र 155 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से केवल यशस्वी जयसवाल ने ही कुछ संघर्ष किया। उन्होंने 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। यशस्वी के अलावा ऋषभ पंत ने 30 रन बनाए। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को छू नहीं सका। 340 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को यशस्वी और रोहित शर्मा ने सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट



के लिए 25 रन जोड़े। हालांकि इसी स्कोर पर पैट कमिंस ने एक ही ओवर में रोहित शर्मा और केएल राहुल को आउट कर भारत की मुश्किलें बढ़ा दीं। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और 5 रन बनाकर 33 के कुल स्कोर पर मिचेल स्टॉर्क का शिकार बने।

### भारत ने पहली पारी में 369 रन बनाए



इससे पहले भारत ने अपनी पहली पारी में नीतीश रेड्डी के शतक, यशस्वी जयसवाल और वाशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की बदौलत अपनी पहली पारी में 369 रन बनाए। नीतीश ने 114 रन बनाए, जबकि यशस्वी ने 82 और सुंदर ने 50 रनों की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। इन दोनों के अलावा विराट कोहली ने 36 और केएल राहुल ने 24 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस, स्कॉट बोलैंड और नाथन लियोन ने 3-3 विकेट लिये।

### विवादास्पद तरीके से आउट हुए यशस्वी जयसवाल

दो विकेट जल्दी-जल्दी गिरने के बाद सभी की उम्मीदें वाशिंगटन सुंदर और यशस्वी से थी, लेकिन पैट कमिंस की गेंद को हुक शॉट खेलने के चक्कर में यशस्वी भी आउट हो गए, हालांकि स्निकोमीटर में कोई हलचल नहीं थी, लेकिन वीडियो फुटेज में गेंद दस्ताने को छुकर जाती हुई दिखा रही थी, थर्ड अंपायर ने स्निकोमीटर को दरकिनार कर यशस्वी को आउट करार दिया। उस समय कमेंट्री कर रहे पूर्व दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने इस निर्णय का कड़ा विरोध भी किया। यशस्वी के आउट होने के बाद भारतीय पारी बिखर गई और 155 रन पर सिमट गई। वाशिंगटन सुंदर एक छोर पर 5 रन बनाकर खड़े रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने 3-3, नाथन लियोन ने 2, मिचेल स्टॉर्क और ट्रैविस हेड ने 1 विकेट लिया।



### यशस्वी-पंत ने संभाली भारत की पारी

यहां से यशस्वी जयसवाल और ऋषभ पंत ने चौथे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर भारत को मैच में लाने की कोशिश की, लेकिन लंच के बाद 121 के कुल स्कोर पर पंत एक बार फिर ट्रैविस हेड की गेंद पर गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर चलते बने। पंत ने 30 रन बनाए। पंत के आउट होने के बाद रवींद्र जडेजा (02) पहली पारी के शतकवीर नीतीश रेड्डी (01) भी जल्दी-जल्दी आउट हो गए।



### ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बनाए 234 रन, रखा 340 रनों का लक्ष्य

इससे पहले ऑस्ट्रेलियाकी दूसरी पारी आज 234 रनों पर समाप्त हुई। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 105 रनों की हासिल की थी, जिससे उसकी कुल बढ़त 339 रनों की हुई और भारत को 340 का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्नस लाबुशेन ने बेहतरीन अर्धशतकीय पारी खेलते हुए 70 रन बनाए। लाबुशेन के अलावा पैट कमिंस और नाथन लियोन ने 4-41 रन बनाए। ऑस्ट्रेलियाई पारी का मुख्य आकर्षण लियोन और बोलैंड के बीच आखिरी विकेट के लिए 61 रनों की साझादारी रही, जिसमें बोलैंड के नाबाद 15 रन शामिल थे। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने 5, मोहम्मद सिराज ने 3 और रवींद्र जडेजा ने 1 विकेट लिया।

### ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 474 रन, स्मिथ का शतक

इसके पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 140 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। स्मिथ के अलावा उस्मान ख्वाजा ने 57, मार्नस लाबुशेन ने 72 और सैम कोंस्टास ने 60 रन बनाए। इन चारों के अलावा पैट कमिंस (49) और एलेक्स कैरी (31) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। भारत की तरफ से जसप्रीत बुमराह ने 4, रवींद्र जडेजा ने 3, आकाशदीप ने 2 और वाशिंगटन सुंदर ने 1 विकेट लिया।



## दिल्ली चैलेंजर्स ने एनई रेलवे को हराया

- 19वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता में जीती ट्रॉफी

**एजेंसी । लखनऊ**

19वीं अखिल भारतीय शहीद मेजर अमिय त्रिपाठी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में दिल्ली चैलेंजर्स ने नॉर्थ ईस्ट रेलवे (एनई रेलवे) को 162 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। दिल्ली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया, और कैफ अहमद को उनके शानदार 64 रन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाने वाले एनई रेलवे के खिलाड़ी राजनायक को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

### आक्रामक बल्लेबाजी

सोमवार को हुए फाइनल मुकाबले में दिल्ली के कप्तान अंकित त्रिपाठी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29वें ओवर में एक गेंद शेष रहते सभी विकेट खोकर 263 रनों का स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की शुरुआत आक्रामक रही और तीसरे ओवर तक बिना किसी नुकसान के 50 रन पार कर लिया। दिल्ली के बल्लेबाजों में कैफ अहमद ने 45 गेंदों पर 64 रन बनाए, जिसमें पांच छक्के और चार चौके शामिल थे।

### रेलवे का खराब प्रदर्शन

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनई रेलवे की टीम की शुरुआत खराब रही। वे लगातार विकेट खोते गए और 22 ओवर के अंतिम गेंद पर सभी विकेट खोकर केवल 161 रन ही बना सके। रेलवे के लिए प्रशांत अवस्थी ने 56 गेंदों पर चार छक्के और चार चौकों की मदद से 60 रन बनाए, जबकि कीर्ति वर्धन ने 16 गेंदों पर पांच छक्के की मदद से 32 रन बनाये। हालांकि, रेलवे के अन्य खिलाड़ी दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके, और टीम के तीन खिलाड़ी शून्य पर पवेलियन लौट गए। दिल्ली के गेंदबाजों में मोहमद आसिफ मंसूरी ने 6 ओवर में 24 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि मोनू शुक्ला ने 4 ओवर में 17 रन खर्च कर तीन विकेट लिए। अनुरीत सिंह और पंकज जायसवाल ने भी एक-एक विकेट लिया।

## संतोष ट्रॉफी

# फाइनल में केरल का मुकाबला पश्चिम बंगाल से

**एजेंसी । हैदराबाद**

रविवार को गाचीबोवली स्टेडियम में खेले गए संतोष ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में केरल ने मणिपुर को 5-1 से हराकर 16वीं बार फाइनल में प्रवेश किया। इस शानदार जीत में केरल के मोहम्मद रोशल पीपी ने शानदार हैट्रिक बनाई और उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। फाइनल में अब केरल का सामना उनके पुराने प्रतिद्वंद्वी पश्चिम बंगाल से होगा, जिन्होंने पहले सेमीफाइनल में गत विजेता सर्विसेज को 4-2




से हराकर फाइनल में जगह बनाई। पहले हाफ में केरल ने आक्रमण शुरू किया और 22वें मिनट में एक बेहतरीन टीम वर्क के बाद गोल किया। केरल के मिडफील्ड के शानदार पास और मणिपुर के डिफेंस को भेदने के बाद मोहम्मद रियास ने मोहम्मद अजसल को एक थ्रू बॉल दी, जिस पर नसीब रहमान ने गोल किया और केरल को 1-0 की बढ़त दिलाई। मणिपुर ने 30वें मिनट में शुंजंतन रागुई की पेनल्टी से 1-1 की बराबरी की। लेकिन खेल की गति और उथल-पुथल में पहले हाफ के इंजरी टाइम में केरल के मोहम्मद अजसल ने एक शानदार गोल किया और केरल को 2-1 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में, 73वें और 88वें मिनट में मोहम्मद रोशल पीपी ने लगातार दो गोल किए और केरल को 4-1 से आगे कर दिया।

## बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर ट्रॉफी

# हिमाचल की यमुना राणा का ई टीम में चयन

**एजेंसी । धर्मशाला**

बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए हिमाचल की यमुना राणा का चयन हुआ है। यमुना राणा ई टीम का हिस्सा बनी है। यमुना हिमाचल से एकमात्र क्रिकेटर है जिनका चयन इस बार इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। उधर उनके चयन पर एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि 5 जनवरी से शुरू हो रही बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर्स ट्रॉफी की टीम के लिए यमुना राणा का चयन हुआ है। उन्होंने कहा कि एचपीसीए के लिए बड़े गर्व की बात है कि हिमाचल की यह क्रिकेटर सीनियर वूमेन




क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने वाली है। उन्होंने एचपीसीए की ओर से बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की है। गौरतलब है कि बीसीसीआई सीनियर वूमेन वनडे चैलेंजर्स ट्रॉफी 5 जनवरी से 15 जनवरी तक चेन्नई में खेली जानी है। प्रतियोगिता के लिए पांच अलग अलग टीमें बनाई गई है। जिनके आपस में लीग मैच होने हैं। 15 जनवरी को फाइनल मैच होगा।

# कूका को चौथी बार एटलेटिको मिनेरो का मुख्य कोच नियुक्त किया गया

**एजेंसी । रियो डी जेनेरियो**

61 वर्षीय अनुभवी मैनेजर कूका को चौथी बार एटलेटिको मिनेरो का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। ब्राजील के सेरी ए क्लब ने रविवार को इस नियुक्ति की घोषणा की। कूका अर्जेंटीना के गेब्रियल मिलिटो की जगह लेंगे, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में आपसी सहमति से क्लब से अलग होने का निर्णय लिया था। कूका की वापसी को लेकर एटलेटिको मिनेरो ने अपने सोशल मीडिया पर बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 'ब्राजील के शीर्ष स्तर पर एटलेटिको मिनेरो के लिए सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले मैनेजर



और हमारे सबसे बड़े विजेता की वापसी हुई है।'

कूका, जिनका असली नाम एलेक्सी स्टिवल है, ने 2011 से 2013 तक और 2021 तथा 2022 में एटलेटिको मिनेरो का नेतृत्व किया था। उनके कोच रहते क्लब ने 2013 में कोपा लिबर्टाडोरेस और 2021 में ब्राज़ीलियाई सीरी ए खिताब जैसे महत्वपूर्ण ट्रॉफी जीते। कूका ने दिसंबर 2026 तक चलने वाले एक सौदे पर सहमति जताई है, और उनके साथ सहायक कोच कुक्विन्हा और डैनियल सेर्केरा भी क्लब में शामिल होंगे। 2024 ब्राज़ीलियाई सीरी ए स्टैंडिंग में एटलेटिको मिनेरो 12वें स्थान पर रहा और इस साल के कोपा लिबर्टाडोरेस में बोटाफोगो के बाद उपविजेता रहा। कूका के नेतृत्व में क्लब की उम्मीदें एक नई दिशा की ओर बढ़ी हैं।



## सलमान खान की 'सिकंदर' के टीजर ने तोड़ा रिकॉर्ड

पिछले लंबे समय से अभिनेता सलमान खान अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान एआर मुरुगादॉस ने संभाल है, वहीं साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं। बीते 28 दिसंबर को फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसमें भाई जबरदस्त एक्शन करते नजर आए। प्रशंसक एक्शन से भरपूर इस टीजर को काफी पसंद कर रहे है। आलम यह है कि 'सिकंदर' की टीजर ने बड़ा रिकॉर्ड बनाया है।

### 'डंकी' को पछाड़ा

'सिकंदर' का टीजर 24 घंटे के अंदर यूट्यूबर पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाला टीजर बन गया है। 24 घंटे में इस टीजर को 4.8 करोड़ बार देखा जा चुका है। इससे पहले यह रिकॉर्ड शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' (3.68 करोड़ व्यूज) के नाम था। 'सिकंदर' में सलमान की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। फिल्म को ईद, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

## लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप में हैं अनन्या पांडे

अभिनेत्री अनन्या पांडे पिछले लंबे समय से अपनी पेशेवर जिंदगी से कहीं ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। कहा जा रहा है कि अनन्या अभिनेता आदित्य रॉय कपूर से अलग होने के बाद से ही जाने-माने मॉडल वॉकर ब्लैंको को डेट कर रही हैं। दोनों लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप में हैं। वॉकर ने अनन्या के जन्मदिन पर अपने रिश्ते का सार्वजनिक किया था। अब अनन्या ने खुद खुलासा कर दिया है कि वह लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप मंब हैं।

### अनन्या ने कही ये बात

एक इंटरव्यू में अनन्या ने कहा, 'लॉन्ग-डिस्टेंस रिलेशनशिप काफी सही है, क्योंकि इससे आपको अपने साथी से थोड़ी दूरी मिलती है। मुझे लगता है कि 45 दिन किसी से न मिलना काफी है। मुझे नहीं लगता कि यह बहुत बुरा है। दो महीने ठीक है... दरअसल, दूरी दिल को और करीब लाती है।' इसके साथ अनन्या ने आदित्य का नाम लिए बिना बताया कि वह पिछले रिश्ते से अब संभल चुकी हैं।

### कौन हैं वॉकर?

वॉकर पेशे से एक मॉडल हैं और फिलहाल वह मुकेश अंबानी के एक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। अनन्या और वॉकर की पहली मुलाकात अनंत अंबानी की शादी में हुई थी। दोनों इसी शादी में एक-दूसरे के करीब आ गए।

### फिल्म 'चांद मेरा दिल है' में नजर आएंगी अनन्या

काम के मोर्चे पर बात करें तो अनन्या को फिल्म 'CTRL' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। अब अनन्या फिल्म 'चांद मेरा दिल है' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करती हुई नजर आएंगी। इस फिल्म में अनन्या की जोड़ी 'किल' के अभिनेता लक्ष्य लालवानी के साथ बनी है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान विवेक सोनी ने संभाली है, वहीं करण जौहर इसके निर्माता हैं।




## कल्कि एडी 2898 में कृष्णा के किरदार में नजर आएंगे महेश बाबू

नाग अश्विन-प्रभास की फिल्म भारतीय ब्लॉकबस्टर फिल्म कल्कि 2898 एडी फिल्म को फैंस ने बहुत पसंद किया है। इस फिल्म के पहले हिस्से के बाद दूसरे हिस्से में भगवान कृष्ण की छवि के रूप में दिखने वाले सितारों के नाम सामने आए हैं। आइए आपको बताते हैं कल्कि एडी 2989 के दूसरे हिस्से में कौन से सितारे नजर आने वाले हैं।

### इन सितारों के नाम को लेकर हुई चर्चा

खबरों की मानें तो यह भूमिका अभिनेता कृष्ण कुमार बालासुब्रमण्यम द्वारा निभाई गई थी, जो सोरारई पोटरु में अपनी भूमिका के लिए जाने जाते हैं। कृष्ण की भूमिका भूमिका निभाने के लिए संभावित अभिनेताओं के रूप में महेश बाबू और नानी जैसे नाम सामने आए। फिल्म को लेकर नाग अश्विन ने कुछ बातें की हैं। नाग अश्विन ने इसको लेकर कहा, 'मैं कल्कि में भगवान कृष्ण का चेहरा पहले हिस्से में नहीं दिखाना चाहता था। उन्होंने कहा कि मुझे लगता था कि फिल्म काफी अच्छा कलेक्शन कर सकता है।' ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी शानदार प्रदर्शन कर चुकी है। खबरों की मानें तो महेश बाबू ने फिलहाल इस फिल्म के लिए काम करना अभी शुरू नहीं किया है। नाग अश्विन ने कहा, मुझे महेश बाबू काफी पसंद हैं। ये परिस्थिति बहुत अच्छी है। मैं उन्हें श्री कृष्ण के रूप में देख भी लिया था। उन्होंने कहा कि कल्कि एडी 2898 में प्रभास, कमल हसन, अमिताभ बच्चन और दीपिका पादुकोण जैसे बड़े सितारों को लिया था।



DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### आतंकियों का सहयोगी हिरासत में, कई मामलों में शामिल रहा

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उधमपुर से आतंकियों के सहयोगी को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक जम्मू-कश्मीर जन सुरक्षा अधिनियम (PSA) के तहत ये एक्शन लिया गया है। पकड़े गए युवक का नाम मोहम्मद रफीक है। वो बसंतगढ़ के बलोटा चिगला का रहने वाला है। रफीक का नाम आतंकवाद से जुड़े कई मामलों में सामने आ चुका है। वो कई आतंकवादी संगठनों के लिए एक्टिव हेल्पर के तौर पर काम करता था।

### एक्टर अल्लू अर्जुन की जमानत पर 3 जनवरी तक सुनवाई टली

**हैदराबाद।** हैदराबाद की नामपल्ली डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सोमवार को संध्या थिएटर भगदड़ मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन की जमानत याचिका पर सुनवाई 3 जनवरी तक के लिए टाल दी। भगदड़ की घटना 4 दिसंबर को हुई, इसमें एक महिला की मौत हुई थी। उसका 8 साल का बेटा अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित परिवार को अबतक 2 करोड़ रुपए की सहायता मिल चुकी है।

### अनंतनाग जेल में CRPF जवान की मौत

**अनंतनाग।** दक्षिण कश्मीर की अनंतनाग जेल में सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। सीआरपीएफ जवान आज सुबह जेल में बेहोश हो गया था। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान सीआरपीएफ की 116वीं बटालियन के खरात प्रकाश मधुकर के रूप में हुई है। प्रारंभिक रिपोर्ट में मौत का कारण दिल का दौरा बताया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस वी रामसुब्रमण्यम ने NHRC अध्यक्ष का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस वी रामसुब्रमण्यम ने सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के अध्यक्ष का पदभार संभाला। उनके अलावा जस्टिस (डॉ.) विद्युत रंजन सारंगी ने NHRC के सदस्य का पदभार संभाला। NHRC ने 23 दिसंबर को मानवाधिकार पैनल के नए प्रमुख के रूप में रामसुब्रमण्यम की नियुक्ति की थी। यह पद इस साल जून से खाली था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम 1993 के तहत जस्टिस रामसुब्रमण्यम को NHRC का अध्यक्ष नियुक्त किया था।

# 'कांग्रेस ने ही सब कुछ दिया'

## बहन शर्मिष्ठा के दावे से अलग प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजित मुखर्जी का जवाब

### प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा ने कांग्रेस पर लगाए थे गुमराह करने के आरोप

**एजेंसी | नई दिल्ली**

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक को लेकर देश में चर्चा हो रही है। इस विवाद में पिछले दिनों पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी भी कूदीं और कई दावे किए, साथ ही कांग्रेस पर तमाम सवाल खड़े किए। अब प्रणब मुखर्जी के बेटे ने इस मामले में अपनी बहन से अलग राय रखी है। प्रणब मुखर्जी के बेट अभिजित मुखर्जी का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पर कोई आरोप नहीं लगाया। बल्कि उन्होंने कहा कि पिता की सफलता का श्रेय तो कांग्रेस को ही जाता है।



### मेरे पिता को कांग्रेस ने ही बनाया : अभिजीत

पूर्व राष्ट्रपति के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि कांग्रेस ने ही मेरे पिता जी को बनाया। बाद में राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह के समय में उनको जिम्मेदारी मिली। उन्होंने कहा कि पिता जी जो भी बने कांग्रेस की वजह से ही बने। कांग्रेस ने ही राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार नामित किया था।

### रैली निकालना चाहती थी कांग्रेस

अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि उनके पिता का निधन कोविड काल में हुआ था, इस वजह से तमाम प्रोटोकॉल थे और कई प्रकार की पाबंदियां थीं। उस दौरान लगी पाबंदियों के कारण कांग्रेस कार्य समिति की बैठक बुलाकर श्रद्धांजलि नहीं दी जा सकी थी। हालांकि, बाद में समिति ने कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उस दौरान कई पाबंदियां लगा रखी थीं। परिवार और दोस्तों में केवल 20 लोगों को ही मौजूद रहने की अनुमति मिली थी।

### प्रणब मुखर्जी के बेटे की राय बहन से अलग


पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के बेटे अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि मैं उनके (मनमोहन सिंह) अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सका, लेकिन अगर वे हमें अनुमति देंगे तो कल या परसों मैं जाऊंगा और श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा। यह देश और कांग्रेस के लिए बहुत बड़ी क्षति है। अंतिम संस्कार परिवारों का अधिकार है, इसलिए सिख रीति-रिवाज के अनुसार यह किया गया है। मुझे नहीं लगता कि इस पर कोई विवाद होना चाहिए। हम उनके लिए एक स्मारक चाहते हैं। मैं सरकार से अपील करता हूं। मैं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन की सरकार से की गई अपील का पूरी तरह समर्थन करता हूं, उन्हें इस बारे में सोचना चाहिए।'

# केरल में सेना के अधिकारी के साथ मारपीट

- सीपीआईएम और भाजपा नेता पर आरोप
- NCC कैंप में फूड पॉइजनिंग के संदेह में हाथापाई

**एजेंसी | तिरुवनंतपुरम**

केरल में सेना के अधिकारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना 23 दिसंबर को कोच्चि के थ्रीक्काकारा में केएमएम कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस में हुई। दरअसल, कॉलेज में एनसीसी का ट्रेनिंग कैंप लगा हुआ था। घटना की वाली रात 60 से करीब कैडेट्स ने फूड पॉइजनिंग की शिकायत की। रात करीब 11:30 बजे सीपीआई (M) की स्टूडेंट्स विंग SFI की जिला प्रमुख भाग्य लक्ष्मी, भाजपा के स्थानीय पार्षद प्रमोद अपने समर्थकों के साथ कॉलेज पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल करनैल सिंह के साथ मारपीट की। वीडियो में नजर आ रहे हमलावरों ने उनका गला दबाया, उन्हें लात भी मारी। 24 दिसंबर को घटना को लेकर थ्रीक्काकारा पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज कराई गई।



### दो आरोपी गिरफ्तार किए गए

पुलिस ने कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल करनैल सिंह से मारपीट मामले में दो आरोपियों निषाद और नवस को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक कर्नल सिंह ने इनकी पहचान की है। इससे पहले कर्नल ने पुलिस के रवैये पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि मेडिकल रिपोर्ट और वीडियो फुटेज सहित स्पष्ट सबूतों के बावजूद हमलावरों को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई। फूड पॉइजनिंग की आशंका के बीच स्वास्थ्य विभाग ने शिविर से भोजन, पानी के सैंपल लिए हैं। हालांकि अब तक कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। रिपोर्ट्स के बाद ही फूड पॉइजनिंग की पुष्टि हो पाएगी।

### अंतरराष्ट्रीय यात्री डाटा

# एयरलाइन संचालकों को सूचना कस्टम्स को देनी ही होगी

**एजेंसी | नई दिल्ली**



साल 2025 में अंतरराष्ट्रीय यात्री डाटा शेयर करने के मामले में बड़ा बदलाव होगा। अप्रैल, 2025 से एयरलाइन संचालकों को ये सूचनाएं कस्टम्स के साथ अनिवार्य रूप से साझा करनी होगी। अगले साल 1 अप्रैल से इस अनिवार्य शर्त का पालन न करने की सूरत में कंपनियों पर बड़ा जुर्माना लगाया जा सकता है। विमान कंपनियों को राष्ट्रीय सीमा शुल्क लक्ष्यीकरण केंद्र-यात्री (एनसीटीसी-पैक्स) के साथ अनिवार्य पंजीकरण भी कराना होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के बयान के मुताबिक अगर भारत आने वाली या यहां से दूसरी जगहों पर जाने वाली फ्लाइट्स में यात्रा करने वाले यात्रियों से जुड़ी सूचना मांगी जाती है तो एयलाइंस संचालक सूचना साझा करने से इनकार नहीं कर सकते।

# नए साल पर जगन्नाथ मंदिर पुरी में विशेष दर्शन व्यवस्था

**एजेंसी | पुरी**

नए साल के जगन्नाथ पुरी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए, श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) और पुलिस ने मंदि दर्शन और पर्यटकों की आवाजाही के लिए विशेष व्यवस्था की है। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को मंदिर में प्रवेश केवल सिंहद्वार से होगा। बाकी तीन द्वारों से बाहर निकलने की व्यवस्था की गई है। आम श्रद्धालुओं को सिंहद्वार के अलावा किसी अन्य द्वार से प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह व्यवस्था सेवकों और उनके परिवार के सदस्यों पर लागू नहीं होगी।



दोनों दिनों में भीड़ मैनेज करने के लिए 60 प्लाटून (एक प्लाटून में 30 जवान) तैनात किए जाएंगे। साथ ही 10 अतिरिक्त एसपी, 33 डीएसपी, 62 इंस्पेक्टर, 245 सब-इंस्पेक्टर और सहायक एसआई तैनात किए जाएंगे।

# सुप्रीम कोर्ट 31 दिसंबर को करेगा सेहत की समीक्षा

- डल्लेवाल का अनशन 35 दिन से जारी

**एजेंसी | नई दिल्ली**

जगजीत सिंह डल्लेवाल की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल 35 दिन से जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बीमार किसान नेता के उपचार और उनकी सेहत ठीक रखने के लिए पंजाब सरकार ने क्या उपाय किए हैं, इसकी समीक्षा 31 दिसंबर को की जाएगी। डल्लेवाल की सेहत मामले में यह जानना भी अहम है कि पंजाब सरकार के अधिकारियों की एक टीम ने 29 दिसंबर को



70 वर्षीय डल्लेवाल के पास गई थी। उन्हें चिकित्सा सहायता लेने के लिए मनाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है, लेकिन डल्लेवाल ने इनकार कर दिया। अधिकारियों ने डल्लेवाल से विरोध स्थल से हटने की अपील भी की, लेकिन उन्होंने अनशन खत्म करने से साफ इनकार कर दिया। अब इस मामले में बल प्रयोग की आशंका भी प्रकट की जा रही है। बता दें कि किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की कानूनी गारंटी सहित कई मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र पर दबाव बनाने के लिए बड़ी संख्या में किसान पंजाब-हरियाणा सीमा पर खनौरी में एकजुट हुए हैं।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाश पीठ 31 दिसंबर को सुबह करीब 11 बजे मामले की वर्चुअल सुनवाई करेगी।

# आईपीएस वितुल कुमार बने CRPF के नए महानिदेशक

- 31 दिसंबर को रिटायर हो जाएंगे वर्तमान डीजी अनीश दयाल सिंह

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने आईपीएस अधिकारी वितुल कुमार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, CRPF का नया महानिदेशक नियुक्त किया है। वितुल उत्तर प्रदेश कैडर के 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं और वर्तमान में सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। वह मौजूदा डीजी अनीश दयाल सिंह की जगह लेंगे। गौरतलब है कि अनीश दयाल सिंह का कार्यकाल 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो रहा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से वितुल कुमार की नियुक्ति को लेकर जारी अधिसूचना में कहा गया है कि वर्तमान बल प्रमुख अनीश दयाल सिंह के 31 दिसंबर, 2024 को सेवानिवृत्त होने के बाद, नियमित पद पर नियुक्ति होने तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, वह बल के महानिदेशक का कार्यभार संभालेंगे।



### कई महत्वपूर्ण पदों पर दे चुके हैं सेवाएं

वितुल का जन्म 3 अगस्त 1968 को पंजाब के भटिंडा में हुआ था। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स में इंजीनियरिंग की है। अपने पूरे करियर के दौरान कुमार ने पुलिस बल में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्हें 9 फरवरी, 2009 को उप महानिरीक्षक (डीआईजी), 31 दिसंबर, 2012 को महानिरीक्षक (आईजी) और 1 जनवरी, 2018 को अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के पद पर पदोन्नत किया गया था। सितंबर 2024 में, उन्हें 31 अगस्त, 2028 को उनकी सेवानिवृत्ति तक मौजूदा रिक्तियों के विरुद्ध सीआरपीएफ के विशेष महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। कुमार की सेवा को कई सम्मानों से मान्यता मिली है, जिसमें 26 जनवरी, 2021 को प्रदान किया गया राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएम) और 15 अगस्त, 2009 को पुलिस पदक (पीएम) शामिल हैं। उन्हें 26 जनवरी, 2016 को रजत में महानिदेशक की प्रशंसा डिस्क और 26 जनवरी, 2018 को स्वर्ण में भी प्राप्त हुआ है।

# दिलजीत दोसांझ का आज लुधियाना में कॉन्सर्ट

**एजेंसी | लुधियाना**

दिलजीत दोसांझ का दिल-लुमिनाती इंडिया टूर लुधियाना में 31 दिसंबर, मंगलवार को पंजाब यूनिवर्सिटी के फुटबॉल ग्राउंड में रात 8:30 बजे समाप्त होने जा रहा है। यह समापन शो इस अविस्मरणीय टूर का सबसे बड़ा अध्याय होने का वादा करता है, जहाँ से यह यात्रा शुरू हुई थी!



### दिल-लुमिनाती टूर का सफर

इस टूर ने पूरे भारत में रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और लाइव मनोरंजन को नए आयाम दिए हैं। 12 शहरों में 330,000 से ज्यादा प्रशंसकों को रोमांचित करने के बाद, टूर ने भारतीय पंजाबी संगीत और संस्कृति का जश्न मनाते हुए एक आंदोलन का रूप लिया है। दिल्ली, जयपुर, हैदराबाद, अहमदाबाद और अन्य शहरों में शानदार प्रदर्शन करने के बाद अब यह यात्रा लुधियाना में समापन कर रही है, जो दिलजीत दोसांझ के लिए विशेष महत्व रखता है।

### लुधियाना में अविस्मरणीय संगीत कार्यक्रम

यह केवल एक संगीत कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिलजीत दोसांझ का घर वापसी है, जहां वह अपनी चार्ट-टॉपिंग हिट्स के साथ अपने विशेष करिश्मे से शहर को संजीवित करेंगे। यह शो न केवल लुधियाना के लिए, बल्कि पूरे पंजाब और दिलजीत के प्रशंसकों के लिए ऐतिहासिक होने वाला है। यह रात इतिहास रचने वाली है, जिसमें पंजाबी संस्कृति और लुधियाना के गौरव का जश्न मनाया जाएगा।

### प्रशासन और पुलिस की तरफ से पूरी तरह से तैयारी

जिला प्रशासन और पुलिस की तरफ से पूरी तरह से तैयारी कर ली गई है। दिलजीत के 31 दिसंबर की शाम को हो रहे लाइव कन्सर्ट में देश-विदेश से लोग आने वाले हैं और करीब 40 हजार से ज्यादा लोगों की भीड़ रहेगी। इसके लिए पुलिस की तरफ से सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई है। समारोह की सुरक्षा के लिए पुलिस की तरफ से दो हजार से ऊपर पुलिस मुलाजिम तैनात किए गए हैं। इसके अलावा दिलजीत की टीम ने भी सात सौ से ऊपर सिक्योरिटी गार्ड बुला रखे हैं जो चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे। 12 फीट ऊंचे स्टेज से दिलजीत लोगों का मनोरंजन करेंगे।

### 3500 से ज्यादा पुलिस जवान रहेंगे तैनात

डीसी जतिंदर जोरवाल ने कहा कि पूरे शहर की सुरक्षा के लिए 35 सौ से ऊपर पुलिस मुलाजिम तैनात रहेंगे। किसी को भी हुल्लड़बाजी नहीं करने दी जाएगी। प्रशासन की तरफ से लॉ एंड आर्डर की स्थिति को मेंटेन किया जाएगा। दिलजीत की टीम के साथ मीटिंग कर सारी तैयारियों की स्थिति की रिपोर्ट ली है।

### 15 जगहों पर बनाई गई पार्किंग

पुलिस की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम तो किए ही गए हैं साथ ही पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। पुलिस की तरफ से 15 जगहों पर पार्किंग कराने की तैयारी कर ली है। जहां पर करीब 14 हजार से ऊपर व्हीकल पार्क किए जाएंगे।

